
जबलपुर: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 फरवरी को वर्चुअली करेंगे डुमना विमानतल की नई टर्मिनल बिल्डिंग का लोकार्पण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



आईपीएल का 22 मार्च को होगा आगाज, पहले मैच में भिड़ेंगे चेन्नई-आरसीबी

वर्ष-60 › अंक -58 रायपुर गुरूवार 22 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25


## मोदी संदेशखाली की पीड़िताओं से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली :**

इस दिन बंगाल के दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को पश्चिम बंगाल के दौरे पर जाएंगे. जहां वह संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात करेंगे. बता दें कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए कथित उत्पीड़न का मामला अभी भी शांत नहीं हो रहा है. बीजेपी के साथ-साथ विपक्षी दल लगातार ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर हैं. इस बीच पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल जाने का फैसला लिया है. जहां वह संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात करेंगे. बता दें कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने के साथ-साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है.

**विपक्ष के नेताओं को नहीं जाने दिया संदेशखाली** - संदेशखाली में महिला के साथ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का मामला सामने आने के बाद बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट के तमाम नेताओं ने घटनास्थल पर जाने की कोशिश की. लेकिन शुरुआत में बंगाल प्रशासन ने विपक्ष के नेताओं को संदेशखाली नहीं जाने दिया, जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी समेत बीजेपी के कई नेताओं ने संदेशखाली जाकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की.

**महिलाओं को संबोधित कर सकते हैं पीएम मोदी** पश्चिम बंगाल बीजेपी के प्रमुख सुकांत मजूमदार के मुताबिक, पीएम मोदी 6 मार्च को राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में महिलाओं की एक जनसभा को संबोधित कर सकते हैं. मजूमदार ने कहा कि, ''हमें आज पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी छह मार्च को राज्य का दौरा करेंगे और बारासात में महिलाओं की एक रैली को संबोधित करेंगे.'' वहीं पीएम मोदी के संदेशखाली की महिलाओं से मिलेंगे के सवाल पर मजूमदार से कहा, ÷अगर संदेशखाली की बहनें और माताएं प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहती हैं तो हम निश्चित रूप से इसकी व्यवस्था करेंगे.÷

ग्रीस के प्रधान मंत्री की भारत यात्रा,बोले

# जितना कीचड़ फेकेंगे 370 कमल उतनी ही शान से खिलेंगे

**एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के नवसारी में एक सार्वजनिक समारोह के दौरान वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के कई पैकेजों सहित कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया. इसमें भरूच, नवसारी, वलसाड में कई सड़क परियोजनाएं; तापी में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजना; भरूच में भूमिगत जल निकासी परियोजनाएं शामिल हैं. इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देशभर में एक चर्चा बड़ी जोरों पर चल रही है और वह है 'मोदी की गारंटी'.



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा कह रहा है कि मोदी ने जो कह दिया वो करके दिखाता है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश के बाकी लोगों के ये बात शायद नहीं है लेकिन गुजरात के लोग तो ये वर्षों से जानते हैं कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी.

**नवसारी में बनेगा पीएम मित्र पार्क** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नवसारी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ''जिस पीएम मित्र पार्क का काम आज शुरू हो रहा है, वह टेक्सटाइल सेक्टर के लिए देश का पहला ऐसा पार्क है. कपड़ा उद्योग को बढ़ावा, कपड़ा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ेगी.÷ पीएम मोदी ने कहा कि, ÷क्या आप सूरत और नवसारी के कपड़ों से हीरे की कल्पना कर सकते हैं, दुनिया के फैशन बाजार में गुजरात कितना बड़ा होगा, क्या हर जगह गुजरात की जय-जयकार होगी या नहीं, क्या गुजरात की गूंज होगी कि नहीं? आज भारत इस क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों और निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने लगा है और इसमें गुजरात के कपड़ा उद्योग का बहुत बड़ा योगदान है.÷

**मैं पांच एफ की बात करता हूं- पीएम मोदी** - नवसारी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि, ''जब मैं गुजरात में था तो 5 एफ की बात करता था. इसका मतलब है फार्म, फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन, फैशन से फॉरेन. इसका मतलब है कि किसान कपास उगाएंगे जो कि फैक्टरियों में जाएगा और फैक्टरियों में बने कपड़े फिर विदेशों में निर्यात किए जाएंगे. मेरा लक्ष्य कपड़ा क्षेत्र के लिए आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला बनाना था.÷

### परमाणु बिजली घरों की भूमिका और बढ़ने जा रही है- प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, ÷21वीं सदी के भारत में बिजली पैदा करने में हमारे परमाणु बिजली घरों की भूमिका और बढ़ने जा रही है. आज तापी के काकरापार परमाणु ऊर्जा प्लांट में दो नए रिएक्टर राष्ट्र को समर्पित किए गए हैं और ये दोनों रिएक्टर 'मेड इन इंडिया' टेक्नोलॉजी से तैयार किए हैं. ये दिखाता है कि आज भारत कैसे हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है.÷

### कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को भी गाली देते हैं- पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि, ÷आपने देखा है कि कांग्रेस के लोग कैसे मोदी की जाति को गाली देते हैं. वो भूल जाते हैं कि जितनी गाली देंगे, 400 सीटों का संकल्प उतना ही मजबूत होता जाएगा. ये जितना कीचड़ फेंकेंगे, 370 कमल उतनी ही शान से खिलेंगे.

अमित शाह पहुंचे छत्तीसगढ़

# मोदी लाओ, हम विश्व की तीसरी ताकत बन जायेंगे

### महतारी वंदन योजना की पहली किस्त मार्च में



**लोकशक्ति ,संवाददाता।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। उन्होंने जांजगीर में बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कि मोदी जी ने देश की अर्थतंत्र को आगे ले जाने का काम किया है। मोदी जी को फिर से लाओ, हम विश्व की तीसरी ताकत बन जायेंगे। दलित आदिवासी, ओबीसी समाज के लिए योजनाओं को लागू करने का काम मोदी जी ने किया है। गृहमंत्री ने कहा, कि राम के ननिहाल में आया हूं, छग राम का ननिहाल है। 500 वर्षों के इंतजार को मोदी जी ने पूरा किया है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा हुआ। छग में सरकार बने कुछ दिन ही हुए हैं। विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है।

**मोदी जी ने किया आदिवासियों का सम्मान** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी आदिवासी बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान किया।अमित शाह ने कहा कि मोदी की हर गारंटी पूरी होगी।

**12 लाख किसानों को दिया बोनस**

सीएम विष्?णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार के आने के बाद हमने प्रदेश के 12 लाख किसानों को बोनस की राशि प्रदान की। हम मोदी की हर गारंटी को पूरा करेंगे।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मार्च के महीने में छत्तीसगढ़ की बहनों को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त आ जाएगी। उन्होंने कहा कि ढाई महीने की सरकार ने जो काम किया है, उसका नतीजा आपके सामने है। 12 लाख किसानों के खाते में 2 लाख का पुराना बोनस दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 18 लाख आवास देने का फैसला लिया गया है।

### शाह ने जनता से पूछा- 11 की 11 सीटे बीजेपी की झोली में डालेंगे ?

अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा का शंखनाद करते हुए जनता से संकल्प लिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता से अपील की है कि हर बार एक या दो सीट लोकसभा चुनाव में कम कर देते हो। इस बार संकल्प दीजिए कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए, देश के विकास के लिए छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटे बीजेपी की झोली में डालेंगे । आत्मनिर्भर भारत, देश में फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए सभी को संकल्प दिलाया।

**छत्तीसगढ़ के लोगों को न्याय दिया**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए, भष्टाचार खत्म करने विधानसभा चुनाव में जो बीजेपी को बहुमत दिया है। यह आपने छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ न्याय किया है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार है।

## नवजोतसिंह सिद्धू की हो सकती है भाजपा में वापिसी, गुरदासपुर से युवराज के चुनाव की संभावना


**एजेंसी।**

पंजाब में भारतीय जनता पार्टी में फिर कुछ उठापटक होने की अटकलें लगाई जा रही है. जिसके चलते नवजोत सिंह सिद्धू की वापिसी व पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को गुरदासपुर संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारने को लेकर चर्चा है. हालांकि अटकलों का दौर उस वक्त भी शुरु हुआ था जब सिद्धू किसान मुद्दों से निपटने के केंद्र के तरीके की आलोचना कर रहे थे.

ऐसा माना जा रहा है कि यदि नवजोत सिंह सिद्धू भाजपा में लौटते हैं तो उन्हें पार्टी अमृतसर से टिकट दे सकती है. भले ही सिद्धू के राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ घनिष्ठ संबंध हैं. माझा क्षेत्र के भाजपा नेताओं को लगता है कि वह अपनी मूल पार्टी में फिर आकर पंजाब से लोकसभा उम्मीदवार बन सकते हैं. भाजपा पदाधिकारी सोमदेव शर्मा का कहना है कि सिद्धू के पार्टी में शामिल होने के पुख्ता संकेत मिले हैं. उनके शामिल होने की प्रत्याशा



में अन्य भाजपा नेताओं और संभावित उम्मीदवारों के साथ चर्चा चल रही है लेकिन विवरण पर बारीकी से नजर रखी जा रही है. अमृतसर लोकसभा क्षेत्र परंपरागत रूप से भाजपा के लिए एक गढ़ रहा है. यदि पार्टी सिद्धू को अमृतसर से मैदान में उतारने का फैसला करती है तो सिद्धू एक विजयी उम्मीदवार हो सकते हैं. हालांकिए कांग्रेस पदाधिकारी रमन बख्शी ने सिद्धू के भाजपा में शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया. उन्होंने कहा जो नेता एक पार्टी से दूसरी पार्टी में घूमता रहता हैए वह अपना आकर्षण व विश्वसनीयता खो देता है. कांग्रेस द्वारा सिद्धू को अमृतसर के अलावा किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारने की संभावना है।



## मोदी 23 फरवरी को काशी को देंगे करोड़ों की सौगात

**वाराणसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आ रहे हैं। वह 22 व 23 फ़रवरी को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहेंगे। पीएम मोदी लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्ल्यू पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

सरकार की तरफसे मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 23 फ़रवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

पीएम मोदी 23 फरवरी को मुख्य रूप से तीन कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरक़त करेंगे। संत शिरोमणि रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद वह बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी यहां जनसभा को भी म्बोधित करेंगे। काशी से सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 2024 के लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री अपने वाराणसी दौरे में स्वास्थ्य शिक्षा, परिवहन, जलमार्ग, खेल, धर्म, अध्यात्म आदि क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं और रोजगार परक प्रोजेक्ट का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे।

## कंपनियों की शुगर, गैस, एलर्जी से लेकर दर्द की दवाओं के सैम्पल हुए फेल

**एजेंसी।** सोलन. हिमाचल प्रदेश में बनी दवाएं एक बार फिर अपने मापदंडों पर खरी नहीं उतरी हैं. जनवरी में बनी प्रदेश के उद्योगों में 14 व देश की 46 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं. हिमाचल प्रदेश की जिन 14 दवाओं के सैंपल फेल हुए है, उनमें सिरमौर की तीन, कांगड़ा की एक व सोलन जिले की 10 दवाएं शामिल हैं. केंद्रीय औषधी मानक नियंत्रण संगठन ने जनवरी के ड्रग अलर्ट में ये दवाएं मानकों पर सही नहीं पाई गई हैं. इन दवाओं में त्वचा में होने वाले संक्रमण, जीवाणु संक्रमण, भूख बढ़ाने वाली दवा, एलर्जी, गर्भाशय से अनियमित रक्त स्राव, एनीमिया,



एसिडिटी, एलर्जी, शुगर व दर्द की दवाएं शामिल हैं. जनवरी में देश में कुल 932 दवाओं के सैंपल लिए गए थेए जिनमें 886 पास हुए व 46 फेल हुए. इस संबंध में ड्रग कंट्रोलर का कहना है कि जिन दवा उद्योगों के सैंपल फेल हुए हैं. उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा व बाजार से स्टॉक वापस मंगवाकर विभाग स्वयं भी इन सैंपल की जांच करेगा.

**इन दवाओं के हुए है सेम्पल फेल-**

-पांवटा साहिब के सनवेट हेल्थकेयर कंपनी की त्वचा में होने वाले संक्रमण की दवा क्लिंडामाइसिन जीवाणु संक्रमण की दवा एमिकेसिन सेलवेमट -बद्दी के लोधी माजरा की एक्विनोओ फार्मास्युटिक कंपनी की भूख बढ़ाने की दवा साइप्रोहेप्टाडीन ट्राईकोलिन साईट्रेट -पांवटा की जी लैबोरेटरी कंपनी की एलर्जी की दवा मोक्सीफ्लोक्सासिन -बद्दी की डीएम फार्मा कंपनी की गर्भाशय से अनियमित रक्तस्राव की ट्रेनेक्सामिक एसिड व मेफेनामिक एसिड -मलकू माजरा के एंज फार्मा कंपनी की एनीमिया की दवा फोलिक एसिड -हलेरो लैब कंपनी की एसिडिटी की पेंटाप्रोजोल इत्यादी।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर सीबीआई का छापा

**एजेंसी।**

नई दिल्ली. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) वर्तमान में किरू हाइड्रो परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में तीस स्थानों पर छापेमारी कर रही है, जिनमें से दस दिल्ली, राजस्थान में हैं. ये स्थान सत्यपाल मलिक के पूर्व प्रेस सलाहकार, जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल, तीन चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य के हैं. देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को 30 से अधिक ठिकानों पर रेड की है, जिनमें जम्मू और कश्मीर के



पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का घर भी शामिल है. जम्मू के रामबन इलाके में बुधवार को जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ. 270 किमी लंबे जम्मू-श्रीनगर हाईवे में कई जगहों पर लैंडस्लाइड की वजह से बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर आकर गिर गए. इसके चलते सैकड़ों वाहन सड़क पर फंस गए.

सत्यपाल मलिक जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल हैं. उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान आरोप लगाया था कि उन्हें किश्तवाड़ में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी. हालांकि, ये पहला मौका नहीं है, जब सीबीआई ने किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट मामले में छापेमारी की है. पिछले साल मई में भी सीबीआई ने इसी केस में 12 जगहों पर छापेमारी की थी, जिसमें सत्यपाल मलिक के पूर्व सहयोगी का घर भी शामिल था.

**महाराष्ट्र** | अश्वमेध गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए नड्डा

# विकसित भारत की दिशा में निर्विघ्न बढ़ने में अश्वमेध महायज्ञ एक प्रमुख कारक

**एजेंसी। मुंबई ,** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई में अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित ÷अश्वमेध गायत्री महायज्ञ÷ में शामिल हुए। इस अवसर पर महाराष्ट के उप-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बाबनकुले, आशीष कुले, बहन सैफाली पांड्या एवं भाजपा के सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व इस महायज्ञ में शामिल हुए। नड्डा ने अखिल भारतीय गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा जी को शत-शत नमन करते हुए कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी की



प्रेरणा से अखिल भारतीय गायत्री परिवार आज विश्व का गायत्री परिवार बन गया है। गायत्री परिवार नव चेतना के साथ न सिर्फ देश को बल्कि दुनिया को चेतना के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि अश्वमेध महायज्ञ के पावन अवसर पर डॉ चिन्मय पांड्या जी के साथ सान्निध्य प्राप्त करने और उनसे प्रेरणा लेने का सौभाग्य मिला है। बाल्यकाल से गायत्री परिवार से जुड़े होने की बात करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि गायत्री परिवार का हरिद्वार अवस्थित शांति कुंज के साथ हरिद्वारा के साथ मेरा पुराना संबंध है। मेरी पूज्य बुआ मुझे बाल्यकाल में शांति कुंज ले जाती थी। तब से गायत्री परिवार के साथ मैं ने अपने आपको समावेश किया है। गायत्री परिवार की ओर से हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में 108 कुंडी महायज्ञ हुआ था, तब मुझे वहां शामिल होने का सौभाग्य मिला था। नवी मुम्बई में अश्वमेध महायज्ञ शामिल होने का सौभाग्य मिला है। मैं इसके लिए अखिल भारतीय गायत्री परिवार को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। गायत्री परिवार के संस्थापक के कृतित्व को याद करते हुए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और भगवती देवी ने लाखों परिवारों को गायत्री परिवार से जोड़ा। लाखों परिवारों को नयी चेतना के साथ सात्विकता की ओर चलने का मार्ग प्रशस्त किया। मुझे लगता है कि गायत्री मंत्र एक ऐसा मंत्र है, जो हम सब लोगों को अध्यात्म की ओर और जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि डॉ चिन्मय पांड्या जी ने अश्वमेध महायज्ञ में अध्यात्मिक पक्ष को विस्तृत रूप से रखा है। उन्होंने महायज्ञ के महत्व एवं महत्ता को भी बताया है। हम सब लोग इस महायज्ञ के माध्यम से इस नव चेतना को आत्मसात करते हुए नए युग में नव चेतना को एक जागृत अवस्था को आगे बढ़ाएंगे।



## अमेरिका ने यमन के होदेइदाह को निशाना बनाकर किए नए हवाई हमले

**एजेंसी।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी युद्धक विमानों ने यमन के लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह को निशाना बनाते हुए पांच हवाई हमले किए। हौथी द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि हमले शहर के उत्तर-पश्चिम में अल-सलीफजिले के रास इस्सा इलाके में हुए। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, होदेइदाह के निवासियों ने कहा कि रास इस्सा में हौथी-नियंत्रित सैन्य समुद्री अड्डे पर भारी विस्फोट हुए।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

## खास खबर

### आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए जिले में महाअभियान किया जा रहा आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में जिले में शत-प्रतिशत लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु महाभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के शतप्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाना है। इस हेतु जिले के समस्त विकासखण्डों में ग्राम स्तर पर महाभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड कोरबा में 22 फरवरी को, कटघोरा में 23 फरवरी, करतला में 26 फरवरी, पोंड़ी उपरोड़ा में 28 फरवरी तथा विकासखण्ड पाली में 29 फरवरी को महाअभियान आयोजित कर लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। महाअभियान में सभी विकासखण्डों के ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ, एएनएम, सीएचओ, शिक्षा विभाग तथा पंचायत विभाग के एनआरएलएम कैडर के सहयोग से छूटे हुए लोगों का नि:शुल्क आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। क्षेत्र के आयुष्मान कार्ड से वंचित लाभार्थियों को मितानिन द्वारा मोबिलाईज किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत तथा सीएमएचओ डॉ. केसरी ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को अभियान के सफल आयोजन हेतु निर्देश दिए हैं। महाभियान के आयोजन के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजनों को आयुष्मान भारत कार्ड के लाभ के बारे में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड से वंचित लोगों का प्राथमिकता से आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने को कहा है। उन्होने जनप्रतिनिधियों तथा जिले के नागरिकों से इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने क्षेत्र के छुटे हुए हितग्राहियों का नि:शुल्क आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने की अपील की है।

### कोषालय के सभी बिल डिजिटल फॉर्म में होंगे जमा

**कोरबा ।** इसी प्रकार संचालक कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 13 फरवरी 2024 को जारी निर्देशानुसार कोषालय में प्रस्तुत होने वाले सभी प्रकार के बिल पेपर फॉर्म के साथ-साथ डिजिटल फॉर्म में प्रस्तुत किया जाएगा। अभी तक केवल वेतन बिल में डिजिटल फॉर्म डीएससी के साथ प्रस्तुत किया जाता था। अब वेतन एरियर्स, महंगाई भत्ता, एरियर्स, अर्धवेतन, अवकाश, सभी प्रकार के वेंडर पेमेंट को पेपर फॉर्म के साथ-साथ डिजिटल फॉर्म में प्रस्तुत किया जाना होगा। समस्त आहरण अधिकारी पेपर फॉर्म के साथ-साथ डिजिटल फॉर्म में बिल कोषालय में प्रस्तुत करेंगे। कोषालय द्वारा महालेखाकार को पेपर फॉर्म के साथ-साथ डिजिटल फॉर्म में लेखा प्रेषित किया जाएगा। इसके लिए फरवरी 2024 से पेपर फॉर्म के साथ-साथ डिजिटल फ ॉर्म में बिल प्रस्तुत किए जाने की अनिवार्यता लागू की गई है। इस हेतु समस्त आहरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वेतन बिल के साथ-साथ वेतन एरियर्स, महंगाई भत्ता, अवकाश वेतन, अर्ध वेतन तथा वेंडर पेमेंट के अंतर्गत ई-बिल में बनाए जाने वाले सभी प्रकार के बिल, पेपर फॉर्म के साथ-साथ डिजिटल फॉर्म में तैयार कर कोषालय में प्रस्तुत करेंगे।

# राजनांदगांव में दिव्यांगजनों के लिए सीआरसी सेंटर का भवन निर्माण ऐतिहासिकः सांसद

## 32 करोड़ रूपए की लागत से समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के नये भवन का किया गया निर्माण

लोकशक्ति

रायपुर। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता केन्द्रीय राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी एवं विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन डॉ. रमन सिंह की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति में सांसद संतोष पाण्डेय ने 32 करोड़ रूपए की लागत से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में नवनिर्मित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) के नये भवन का उद्घाटन किया।





सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि राजनांदगांव जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। यहां दिव्यांगजनों के लिए समेकित क्षेत्रीय केन्द्र भवन का निर्माण किया गया है। यहां दिव्यांगजनों के लिए सभी प्रकार के यंत्र, प्रशिक्षण, पालकों को प्रशिक्षण और सभी प्रकार की व्यवस्था इस अत्याधुनिक भवन में व्यवस्थित रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का इस भवन निर्माण के लिए लगातार प्रयास रहा है। आज राजनांदगांव जिले को नये भवन की सौगात मिली है।

जिसमें केवल राजनांदगांव ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लोगों को लाभ प्राप्त होगा। यहां दिव्यांगजनों को सभी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने के लिए तथा विश्व में अग्रणी देश बनाने के लिए जो संकल्प लिया है। हम सब उसमें सहभागी और सहयोगी बनेंगे। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हम सब भागीदारी बनेंगे। उन्होंने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार को नये भवन के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय ने हितग्राहियों को सहायक उपकरण हियरिंग एड, टीएलएम किट, गतिशीलता उपकरण, व्हील चेयर सहित अन्य उपकरण प्रदान किया गया। सांसद पाण्डेय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को शुभकामनाएं एवं शुभेक्षा दी।

उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव (सीआरसी) की स्थापना 25 जून 2016 को की गई थी। यह राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी) सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। समेकित क्षेत्रीय केंद्र दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम 2016 में उल्लेखित सभी 21 प्रकार के दिव्यांगजनों को पुनर्वास और विशेष शिक्षा सेवाएं प्रदान करता है और बहुत से गतिविधियों का संचालन करके शैक्षणिक सेवाएं भी प्रदान करता है। जिसमें अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम और विशेष शिक्षा बौद्धिक दिव्यांगता में एक दीर्घकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव वर्तमान में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है। जिसमें प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप, व्यावसायिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप, प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, वाक्य, भाषा और श्रवण जांच, विशेष शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सामाजिक कार्य, प्लेसमेंट, दूरस्थ सेवाएं, मानव संसाधन विकास, अनुसंधान एवं विकास, किरण मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन (एमएचआरएच) छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सीआरसी राजनांदगांव द्वारा संचालित की जाती है। इसके अलावा बौद्धिक दिव्यांजनों को शारीरिक दिव्यांगता के अनुरूप सहायक उपकरण कृत्रिम अंग, बैसाखी, व्हील चेयर आदि और शिक्षण एवं शिक्षण सामग्री (टीएलएम) किट सहित सहायक उपकरणों का नियमित वितरण एडीआईपी योजना के तहत निरूशुल्क किया जाता हैं। श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कान के पीछे में लगने वाला श्रवण यंत्र प्रदान किया जाता है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव का नया भवन ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में 32 करोड़ रूपए की लागत से 4151.38 वर्ग मीटर भूमि में निर्मित किया गया है। यह भवन 2 मंजिलों में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बनाई गई है। भवन को सभी प्रकार के दिव्यांगजनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी सार्वभौमिक सुलभ सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। हाथ की रेलिंग के साथ रैंप और सीढियां, ब्रेल साइनेज बोर्ड, पीले रंग के स्पर्शनीय नालीदार टाइल वाले फर्श। गलियारे की चौड़ाई सामान्य से अधिक रखी गई है और दोगुनी ऊंचाई की रेलिंग लगाई गई है, ताकि बौने दिव्यांगजनों के साथ-साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी स्वतंत्र रूप से चलना सुविधाजनक हो। दिव्यांगजनों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सुलभ शौचालयों को कम ऊंचाई और आसान लॉकिंग सिस्टम के साथ तय किया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार के पास दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ पार्किंग सुनिश्चित की गई है। इस सेवाओं के लिए सीआरसी राजनांदगांव में आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए इस भवन में हरियाली वाले लॉन और उद्यान हैं। भवन परिसर में सौर प्रणाली और वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रस्ताव है। इमारत आधुनिक अग्नि सुरक्षा सेंसर और अग्नि सुरक्षा उपकरणों से भी सुसज्जित है। सीआरसी कैंपस में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा और इस भवन में इंटरनेट लीज्ड लाइन सुविधा उपलब्ध होगी, जो तेज और विश्वसनीय ऑनलाइन संचार में मदद करेगी और हमें वर्चुअल प्रशिक्षण के साथ-साथ टेली-पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। यह भवन दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से बाधारहित है और इसे दिव्यांगजनों के लिए अत्याधुनिक केंद्र बनाने के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

# नारी सशक्तिकरण की पर्याय है महिला कमांडो, सामाजिक उत्थान के कार्य में उनका कार्य अतुलनीय : कलेक्टर

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शमशाद बेगम के नेतृत्व में गठित महिला कमाण्डों आज सामाजिक उत्थान एवं सामाजिक जागृति के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्यों के बदौलत नारी सशक्तिकरण का पर्याय बन गया है। कलेक्टर चन्द्रवाल आज सहयोगी जन कल्याण समिति द्वारा नगर पंचायत गुण्डरदेही के सामुदायिक भवन में आयोजित एक दिवसीय प्रेरणा सम्मेलन में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प० शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं कुपोषण मुक्ति अभियान जैसे सामाजिक जागृति के अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने के कारण महिला कमाण्डो का कार्य निश्चित रूप से अतुलनीय एवं अत्यंत सराहनीय है।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि महिला कमाण्डो के द्वारा अभी हाल में ही राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु राज्य में शुरू की जा रही महतारी वंदन योजना के फॉर्म भराने में सहयोग करने का बेहतरीन कार्य किया गया है। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा, मतदाता जागरूकता, साइबर क्राइम रोकने जागरूकता, सड़क दुर्घटना रोकने, महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, कुपोषित बच्चों को गोद लेकर सुपोषित करने आदि कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाकर शासन-प्रशासन के साथ अपनी अमूल्य सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। चन्द्रवाल ने कहा कि महिला कमाण्डो द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषित करने का अभिनव एवं अत्यंत जनहितैषी का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा नशामुक्ति अभियान में भी महिला कमाण्डो का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि महिला कमाण्डो कोई भी नेक कार्य करने के लिए यदि ठान लेता है तो उसे लक्ष्य प्राप्ति के उपरांत ही विश्राम लेता है। चन्द्रवाल ने महिलाओं का सामाजिक उत्थान के कार्य में बहुमूल्य भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की उन्नति पर ही परिवार, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति निहित है। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन के द्वारा महिला कमाण्डो के द्वारा की जा रही जनहित के कार्यों को पूरा करने में हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नवीन राशनकार्ड का किया वितरण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री एवं जांजगीर जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जांजगीर जिले की महिलाओं को नवीन राशनकार्ड का वितरण किया। जिले के पात्र हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित एवं निशक्तजन राशनकार्ड के द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा जांजगीर जिले में श्रीमती सविता सारथी, श्रीमती सावित्री देवी सोनी, श्रीमती सीमा सारथी, श्रीमती मीना तिवारी तथा श्रीमती कंतराबाई को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया।उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण किया जा रहा है। जिसकी अंतिम तारीख 25 फरवरी 2024 है। इसमें कम से कम एक सदस्य का ई-केवायसी पूर्ण हो। अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नामिनी नियुक्त हैं, उन्हें इस प्रावधान से छूट होगा। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के ऐसे नागरिक पलायन या अन्य किसी कारणवश राज्य से बाहर हैं, उनको राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य के लिए घबराने की जरूरत नहीं है।

राशन कार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशन कार्ड का नवीनीकरण खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प से हितग्राही स्वयं अपने मोबाइल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड कर आवेदन कर सकता है।

# बिरनपुर हत्याकांडः ध्यानाकर्षण के जरिए विधायक साहू ने उठाया मामला

**रायपुर।** विधानसभा में बुधवार को बिरनपुर में हुई हत्या का मामला उठा. ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा विधायक ईश्वर साहू ने मामला उठाते हुए कहा कि घटना के वक्त सीबीआई जांच की बात कही गई थी. क्या सीबीआई जांच कराई जाएगी इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में घोषणा की कि बिरनपुर मामले की सीबीआई से जांच कराई जाएगी।

ईश्वर साहू ने सदन में कहा कि 8 अप्रैल को हुई घटना में भुवनेश्वर साहू की हत्या में 34 आरोपी के नाम सामने आये थे, इनमें 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, बाकी आरोपी गिरफ्तार क्यों नहीं हुए इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एक समाज के चार स्कूली बच्चों के बीच विवाद की स्थिति के बाद समाज ने सुलह के लिए बैठक रखी थी. इस बैठक के बाद भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई थी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भागीरथी साहू की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया था. 8 अप्रैल को 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई. एक अन्य की गिरफ्तारी बाद में की गई. अभियोग पत्र 5 जुलाई को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है. मामले की विवेचना जारी है. इस पर भाजपा विधायक ने कहा कि अंजोर यदु ने घटना की शुरुआत की थी, लेकिन आज तक उस पर कार्रवाई नहीं की गई। विजय शर्मा ने कहा कि मैने स्पष्ट किया है गांव में जो घटना हुई भुनेश्वर साहू की हत्या हुई. न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते उनके पिता आज सदन में अपनी बात कह रहे हैं, यह अद्भुत संयोग है. मैं आपसे कहना चाह रहा हूं, कि इस प्रकरण में सेक्शन 173 सीआरपीसी के तहत विवेचना जारी. जिस संदर्भ में बातचीत हुई उचित प्रमाण मिले वह जेल में है, परंतु जिनके संदर्भ में ऐसा नहीं हुआ, उनकी विवेचना जारी है. 40 लोगों के नाम दिए गए थे, उसमें 12 लोग के नाम स्न्द्धक्र थे उन सभी के संबंध में विवेचना जारी है आगे भी करवाई जारी रहेगी। ईश्वर साहू ने कहा कि विशेष समुदाय के लोगों के पास सैकड़ो हथियार हथियार थे उसे समय अधिकारियों ने कहा था कि उसे जप्त करेंगे लेकिन अभी तक जब तक क्यों नहीं हुए इस पर विजय शर्मा ने कहा कि इसमें संबंध में जो भी हथियार उपयोग किया गया था, उन सब को जमा किया गया है कुछ हथियारों को एफएसएल रिपोर्ट के लिए भेजा गया है. गांव में पुलिस चौकी है, और यह निर्धारित किया जा रहा है कि गांव में कोई बड़ा हथियार नहीं है। ईश्वर साहू ने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि अवैध हथियार कब तक जप्त किया जाएगा इस पर विजय शर्मा ने कहा कि एक बार गांव में सभी घरों में बातचीत चर्चा गांव के माध्यम से करके और जहां आवश्यकता हुई वहां तलाशी के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे कि कोई बड़ा हथियार किसी की घर में ना, हो या सुनिश्चित करेंगे। ईश्वर साहू ने इस पर कहा कि मैं स्वयं मृतक का पिता हूं मैं सदन से जानना चाहता हूं मुझे न्याय मिल पाएगा या नहीं और मिलेगा तो कब तक मिलेगा विजय शर्मा ने जवाब में कहा कि उनके प्रश्न और विषयों को लेकर के मैं अभिभूत हूं. हर हाल में हम सब मिलकर उनको न्याय मिले, उनको और उनके मन में जो बातें हैं, वह सारी बातें ठीक हो. उन सारे विषय को ठीक हो वह सारी जानकारी हो जाए. मैं भी चाहता हूं, इसके लिए जैसी आवश्यकता होगी वह पूरा करेंगे। ईश्वर साहू ने इस पर कहा कि घटना के समय अधिकारियों द्वारा सीबीआई जांच करवाने का आश्वासन मिला था।

# निकरा परियोजना के प्रभाव से फिर से शुरू हुई गाँव में टमाटर की खेती

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के निकरा परियोजना के प्रभाव से टमाटर की खेती छोड़ चुके किसानों में आशा की किरण दिखने लगी है। इस परियोजना अंतर्गत गोद ग्राम जुनवानी में सोलेनेसी कुल के सभी फसलों जैसे टमाटर, बैगन आदि पौधों में वर्ष भर सडने-गलने एवं उकठा रोग से पौधे की नष्ट होने कि समस्या विगत कुछ वर्षो से विकराल रूप धारण कर ली थी, जिससे किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान होता था।

फलस्वरूप इस भयंकर समस्या से परेशान होकर किसान अपने फसल पद्धति में टमाटर कि खेती छोड़ दिए थे, जिसके निदान हेतु कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के निकरा परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत के मार्गदर्शन एवं केंद्र के वैज्ञानिकों जिसमें परियोजना के सह अन्वेषक व मृदा वैज्ञानिक के.डी.महंत, उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ.बंजारा, पौध रोग वैज्ञानिक मनोज साहू के विशेष प्रयास से किसानों के खेत में भ्रमण के दौरान गहन परीक्षण कर समस्या के निदान हेतु कड़ी मेहनत व प्रयास से पता लगाया गया कि सब्जी कि खेती के लिए विशेष पहचान बना चुकी जुनवानी ग्राम में रेतीली, लाल, बलुई मिटटी उपलब्ध है तथा बार-बार एवं वर्ष भर एक ही फसल लेने के कारण मृदा जनित उकठा रोग (जीवाणु एवं फफूंद जनित)का काफी ज्यादा प्रकोप बढ़ जाता है। इस समस्या के प्रबंधन हेतु केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा उकठा रोग के प्रतिरोधक एवं उन्नत किस्म अर्का सम्राट की खेती का विशेष प्रशिक्षण एवं 13 किसानों के खेत में सफलतापूर्वक जीवंत प्रदर्शन किया गया जिससे ग्राम के किसान टमाटर की सफल खेती से अतिरिक्त आमदनी भी कमा रहें है।



## पीठ दर्द से परेशान हैं, नहीं चाहते दवाई खाना तो फिजियोथैरिपी से मिलेगी राहत



**रायपुर**

आज की आधुनिक जीवन शैली में ज्यादातर लोगों को पीठ दर्द की शिकायत है। महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर में आने वाले मरीजों में से अनेक पीठ के दर्द से ही परेशान रहते हैं। पीठ दर्द का संबंध व्यक्ति की आयु से कम और उसकी जीवनशैली से अधिक होता है। कुछ लोग सामान्य पेन किलर लेकर तत्कालिक आराम ढूंढने की कोशिश करते हैं। कई लोगों को ज्यादा काम की वजह से परेशानी हो रही है। ऐसे मरीज दवाओं से इससे राहत पाना चाहते हैं। ऐसे में फिजियोथैरेपी आपको काफी राहत दे सकती है। महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथैरेपी सेंटर की डॉ. संगीता कश्यप ने मरीजों को इस आशय का सुझाव दिया। डॉ. कश्यप ने बताया कि पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कई कारण हो सकते हैं। इसमें तनावग्रस्त मांसपेशियों व नसों तक कई कारण हो सकते हैं। पीठ के निचले हिस्से में दर्द किसी गंभीर चोट के कारण भी हो सकता हैं, जैसे कोई बड़ा भार उठाना या मोड़ना। उम्र बढ़ने से अपक्षयी रीढ़ की हड्डी में असामान्यताएं भी होती हैं, जो 30 वर्ष या उससे भी पहले शुरू हो सकती हैं। डा. संगीता ने कहा कि फिजियोथैरिपी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ट्रांसक्यूटेनियस इलेक्ट्रिकल न्यूरोमस्कुलर स्टिमुलेशन (टेंस) पीठ के दर्द से राहत देने की अच्छी तकनीक है। इस उपकरण की मदद से पीड़ित व्यक्ति बिना किसी दवा के पीठ दर्द को सफलतापूर्वक खत्म कर सकते हैं।

तंत्रिका उत्तेजना के माध्यम से मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने में मदद ली जा सकती है, जो शरीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह दर्द या सूजन वाली मांसपेशियों में रक्त परिसंचरण में सुधार करता है। उन्होंने आगे बताया कि महाराष्ट्र मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर में हाट पैक, टेंस, आईएफटी, अल्ट्रासाउंड और स्ट्रीम्यूलेशन जैसे उपकरण उपलब्ध हैं। ये अलग-अलग परेशानियों और तकलीफों के लिए उपयोग किए जाते हैं। जैसे हाट पैक मरीजों के लिए काफी लाभकारी होता है। इससे तंग मांसपेशियों को आराम मिलता है। मांसपेशियों में होने वाला ऐंठन और दर्द भी कम होता है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र मंडल का फिजियोथैरेपी सेंटर न्यूनतम फीस पर अधिकाधिक मरीजों को लाभान्वित करने के लिए संचालित किया जाता है।



# सोनडोंगरी : नाले की जमीन पर बनाया मकान

## बरसात का पानी होगा जाम, होगी लोगों को परेशानी





**रायपुर**

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अधिकारियो ने अवैध कब्ज़ा और अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्यवाही की, उसके बाद अवैध अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे है। एक तरफ जहाँ शासन का बुलडोजर चल रहा, दूसरी तरफ अवैध कब्ज़ाधारी नालो और तालाबों को पाटकर मकान और दुकान बना रहे है।

### नाले का पानी होगा जाम

सोनडोंगरी रोड के नाले पर मकान बना दिया है। इस दौरान न जोन के अधिकारी इस पर कोई संज्ञान लिया गया और न ही जनप्रतिधि परिणामस्वरूप अब बरसात का पानी जाएगा तो जाएगा कहां, वहीं इस पर निगम और पार्षद की चुप्पी समझ से परे। बरसात में ज्यादा बरसात होगी तो पानी जाएगा तो जाएगा।

स्टेशन रोड और मीडिया सिटी के सामने सोनडोंगरी में नाले की जमीन को पाटकर अवैध निर्माण किया जा रहा है। सोनडोंगरी में वॉर्ड क्रमांक 2 और जोन 8 अंतर्गत नाले की जमीन को पाटकर सड़क किनारे काम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। बताते है कि उक्त नाले के पीछे किसी कमलेश गुप्ता की जमीन है, जो अपनी जमीन को छोड़कर सरकारी जमीन पर कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर रहा है। उधर स्टेशन चौक से फाफाडीह चौक की तरफ आने वाली मेन रोड में बने नाले को पाटकर दो मंजिला दुकान बनाया गया है।

मुझे शिकायत मिली है, जोन के कर्मचारियों को भेजता हूं और पता लगाता हूं यदि कोई भी नाले की जमीन प मकान बना रहा है तो जरूर उस पर कार्रवाई होगी। निगम का बजट चल रहा है एक या दो दिन के बीच कार्रवाई होगी।

अरुण ध्रुव, जोन कमिश्नर

## उद्यान में पेड़-पौधे और जीव जंतुओं का विविध आकर्षण



**जगदलपुर**

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों की प्रजातियों का सर्वे, बर्ड काउंट इंडिया और बर्ड एंड वाइल्डलाइफ छत्तीसगढ़ के साथ मिलकर यह सर्वे 25 से 27 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। उद्यान के प्राकृतिक रहवास में वन्यजीव और पक्षियों की विविधता को देखते हुए यह सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। 200 वर्ग किलोमीटर के विस्तार वाले इस राष्ट्रीय उद्यान में पेड़-पौधे और जीव जंतुओं का विविध आकर्षण है, जो एक सहज और सामंजस्यपूर्ण पर्यावरण बनाए रखता है। यहां की जैव विविधता का संगम प्राकृतिक सौंदर्य को और भी बढ़ाता है, साथी यहां आस-पास रहने वाले स्थानीय आदिवासी समुदाय इस राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान देश में अपनी विशेष पहचान बनाता है। पार्क में मैना मित्र योजना संचालित है, जिसमें स्थानीय युवा और गांव के सदस्य पक्षियों के संरक्षण में सक्रिय रूप से भागीदारी दे रहे हैं। इसके अलावा, इको विकास समिति के सदस्य भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं, जिससे सामुदायिक सहयोग के साथ प्राकृतिक संरक्षण में सुधार हो रहा है।

## नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर में 300 लोग हुए लाभान्वित



**रायपुर**

7 कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर-2024 का आयोजन आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार रायपुर में किया गया 7 स्वास्थ परीक्षण शिविर में प्रसिद्ध संस्थाओं ने अपने अनुभवी चिकित्सकों और कर्मचारियों के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध कराएं - बालको मेडिकल सेंटर (कैंसर अस्पताल) ने मैमोग्राफी मशीन (स्तन में गांठ की जांच), थर्मल स्कैनिंग, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइकोलॉजी), स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्पीयर) एवं FNAC, अन्य जानकारी एवं परामर्श उपलब्ध कराया साथ ही अन्य संस्थाओं में आई हॉस्पिटल द्वारा आँखों के नम्बर (पावर) की जाँच, मोतियाबिंद की जाँच, अन्य बीमारी की जाँच, शुगर की जाँच, ब्लड प्रेशर जाँच, वजन की जाँच... हियरिंग केयर सेंटर रायपुर द्वारा (कान की जाँच) द्वारा सुनने की क्षमता जाँच, बच्चों के सुनाई जाँच, श्रवण यंत्र, बोलने से संबंधित थेरेपी, बिहेवियर (व्यवहार) थेरेपी (बच्चों के लिए) ...योगा प्रशिक्षण (ख्याति टांक, स्नातक डिग्री पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार, स्नातकोत्तर डिग्री SVYASA विश्वविद्यालय बैंगलोर) द्वारा - मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, जोड़ो का दर्द, थायराइड आदि प्रशिक्षण एवं उपलब्ध कराया.. इस शिविर में समाज के सदस्यों ने उत्साह से अपने भागीदारी निभा कर स्वास्थ परीक्षण का लाभ उठाया.. करीब 300 व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ का परीक्षण करवाया ..शिविर अपने पूर्व निर्धारित समय प्रातः 8.30 बजे से प्रारंभ हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा एवं कान्यकुब्ज हितकारिणी ब्राह्मण सभा देवास के अध्यक्ष पंडित धर्मेंद्र मिश्रा ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई एवं संस्थाओं के डॉक्टर व कर्मचारियों को सम्मानित किया... शिविर में अध्यक्ष पंडित अरुण शुक्ल के मार्गदर्शन एवं सचिव सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र, निशा अवस्थी, कोषाध्यक्ष संतोष दुबे, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, गौरव शुक्ल, सहित कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से सम्पन्न हुआ ..स्वास्थ शिविर के संयोजक हेमंत तिवारी, सह संयोजक प्रशांत तिवारी, पंकज तिवारी रहे।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन



**रायपुर**

जिस मूलनिवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, ऋण पुस्तिका के लिए हफ्ते भर का समय लगता है, लेकिन आज वह घण्टे भर में बन गए और हितग्राहियों को हाथों में तत्काल मिल गए। यह नजारा था कलेक्टोरेट परिसर का। जहां आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसके पूर्व में तहसील एवं राजस्व मंडल स्तर पर भी शिविर का आयोजन किया गया था। आज शिविर में संभागायुक्त डॉ संजय अलंग और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण हुआ। कुछ के लिए समय सीमा निश्चित कर समाधान करने की कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

शिविर में आवेदको द्वारा नामांतरण के संबंध में 31 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें स्थल पर 22 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। खाता विभाजन के कुल 02 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें प्रकरण दर्ज किया गया। सीमांकन के 05 आवेदन में से 03 आवेदनों का निराकरण स्थल पर किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। किसान-किताब के 08 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र के 19 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। राजस्व संबंधी अन्य आवेदनो की कुल 48 आवेदनों में 18 आवेदन का निराकरण स्थल पर किया गया शेष प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार कुल 125 आवेदनो में से 72 आवेदनो का स्थल में निराकरण किया गया शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों का निर्देशित किया गया। शिविर में सभी तहसीलों के राजस्व अमला मौजूद था। कलेक्टर सभी तहसीलों के टेबल पर गए उनके आवेदन की स्थिति जानी और आवेदकों से भी बात की। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने राजस्व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें। जो समस्या जल्द निराकृत हो सकती है। उसका समाधान करें, जो समय सीमा के भीतर अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं तहसीलवार मौके पर जाकर समीक्षा करेंगे और लंबित राजस्व प्रकरण की जमीनी हकीकत की जानकारी लेंगे।

## क्राईम रिर्पोट

# एनसीसी - यातायात पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली






**रायपुर**

यातायात पुलिस और नेशनल कैडेट कोर ने सयुक्त रूप से यातायात में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली और आम लोगों को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। **हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली**-परिसर से प्रारंभ कर साइंस कॉलेज गेट- यूनिवर्सिटी गेट से यू टर्न कर- आयुर्वेदिक कॉलेज चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात जागरूकता कार्यक्रम के बाद पुनः हेलमेट जागरूकता रैली प्रारंभ कर चौबे कॉलोनी- समता कॉलोनी- अग्रसेन चौक -रामनगर- गुढ़ियारी- भारत माता चौक- कोटा मार्ग- एनसीसी कैंप - जगन्नाथ चौक- महोबा बाजार चौक - एम्स के सामने से यू टर्न कर वापस महोबा बाजार चौक- यूनिवर्सिटी गेट- ह्ढ्ढञ्ज परिसर में समापन हुआ। कार्यक्रम में संजय शर्मा एआईजी ट्रैफिक पुलिस मुख्यालय नया रायपुर द्वारा एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी से अवगत कराये, यातायात प्रशिक्षक टीके भोई एवं आरक्षक सहदेव वर्मा द्वारा एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की जानकारी से अवगत कराते हुए स्वयं को पालन करने एवं अन्य वाहन चालकों को पालन कराने अपील किया, कार्यक्रम में एनसीसी के अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स एवं यातायात पुलिस रायपुर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा थाना गोलबाजार क्षेत्रातर्गत एवरग्रीन चैक पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगो को आतंकित करते आरोपी राहुल शर्मा पिता परिहार शर्मा उम्र 21 साल निवासी अयोध्या नगर थाना टिकरापारा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 76/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 35 चालकों पर कार्रवाई



शहर में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 35 वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की हैं इस में चालको से जुर्माना वसूल किया गया हैं। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने वाले चालकों पर तथा ब्लैक फिल्म लगी वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार तेलीबांधा यातायात पुलिस की कार्यवाही शराब पीकर वाहन चलाने वाले 35 वाहन जप्त 30 प्रकरण न्यायालय में पेश न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर लगाया कुल 3,00,000 रूपये का जुर्माना एक ब्लैक फिल्म एसकर्पियो वाहन का 2000/-, का चालान कर ब्लैक फिल्म उतरवाया गया। पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के निर्देशन पर दिनांक 18.02.2024 तेलीबांधा रायपुर ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने अपने टीम के सउनि चन्द्रमणीकान्त जादौन, होम प्रकाश साहू, दया शंकर सिंह एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 द्वद्द लाभाण्डी अग्रसेन चौक पर ब्रेथ एनालाईजर मशीन से वाहन चालकों की जांच की गई, कुल 35 वाहन चालकों पर निर्धारित मात्रा 30 रूद्द से अधिक मात्रा में शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुये तीन भारी वाहन हाईवा, एक 1709 वाहन, एक डी.आई. वाहन,एक अर्टिका कार, एक आटो तथा 28 मोटर सायकल जप्त किया गया तथा माननीय न्यायालय में 30 प्रकरण पेश किये जाने पर प्रत्येक चालक पर 10,000 10,000 रूपये का जुर्माना किया गया, कुल 30 वाहन चालकों पर 3,00,000 रूपये का जुर्माना किया गया। तेलीबांधा यातायात थाने की शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अब तक की एक दिवसीय बडी कार्यवाही।

## 3 साल बच्चे का अपहरण, आरोपी गिरफ्तार



*रायपुर की एक फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने अपने ही साथी के 3 साल के बच्चे को अगवा कर लिया। बच्चे को आरोपी नाश्ता कराने के बहाने ले गया था। पुलिस ने आरोपी को देर रात कवर्धा से गिरफ्तार कर लिया है। वह बच्चे को लेकर मध्य प्रदेश भाग रहा था। भनपुरी के गीता नगर निवासी रवि सिंह राजपूत एक फैक्ट्री में काम करता है। उसी के साथ मध्य प्रदेश के डिंडौरी निवासी आनंद कुमार भी कार्यरत है और मोहल्ले में ही किराये से रहता है। रवि ने अपने घर में फैक्ट्री के ही 2 कर्मचारियों को किराये पर कमरा दे रखा है। रवि की पत्नी रेखा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे आनंद उनके घर में किराये से रहने वाले कर्मचारी के पास आया था। वहीं पर उसके बच्चे भी खेल रहे थे। इस दौरान रवि का छोटा बेटा शिवा (3) खेलते हुए आनंद के पास चला गया और उसके मोबाइल पर वीडियो देखने लगा। आरोप है कि आनंद चॉकलेट दिलाने का झांसा देकर शिवा को अपने साथ ले गया। आनंद ने भनपुरी चौक से नाश्ता खरीदा। इस बीच रेखा भी पहुंच गई और कहा कि वह बेटे को घर छोड़ दे। रेखा ने बताया कि करीब 1 घंटे बाद उसने बड़े बेटे से शिवा के बारे में पूछा तो पता चला कि वह नहीं लौटा है। इसके बाद रेखा ने कॉल कर अपने पति रवि को इसकी जानकारी दी। पति ने आनंद को कॉल किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ था। इस पर वे पुलिस को पास पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर कवर्धा के बोड़ला में घेराबंदी कर आनंद को एक बस से पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आनंद ने बताया कि उसकी शादी के 5 साल हो गए हैं, लेकिन उसे कोई संतान नहीं है। पत्नी के बांझपन के कलंक को मिटाने के लिए उसने रवि सिंह के बेटे को अगवा किया। वह बस में बैठकर अपने गांव डिंडोरा ले जा रहा था। पुलिस ने बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।*

## आधा क्विंटल गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



बी.एस.यू.पी कॉलोनी में पुलिस ने छापा मार कार्रवाई कर गांजा के बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं उसके पास से आधा क्विंटल गांजा बरामद किया गया हैं। पुलिस ने बताया कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत बी.एस.यू.पी कॉलोनी स्थित एक मकान में एक व्यक्ति गांजा रखा है तथा ब्रिकी करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये मकान को चिन्हांकित कर मकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान मकान में 01 व्यक्ति उपस्थित था। जिसने पूछताछ में अपना नाम गनी खान निवासी सरस्वती नगर होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा मकान की तलाशी लेने पर मकान में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी गनी खान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 50 किलोग्राम गांजा तथा घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 5,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में अपराध क्रमांक 53/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी पूर्व में भी गांजा तस्करी के प्रकरण में हरियाणा एवं मध्यप्रदेश राज्य में भी जेल निरूद्ध रह चुका है।

## 4 किलो ग्राम गांजा के साथ अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार




राजधानी के गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत डी.के.एस अस्पताल पार्किंग में गांजा बिक्री करने की नियत से घूम रहें एक अंतर्राज्यीय आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के पास से 4किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया हैं। जिस की कीमत 50 हजार रूपए बताई गई हैं।

पुलिस सूत्रो के अनुसार गोलबाजार के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना उत्तर अहिरवार उर्फ शेरू निवासी जबलपुर मध्यप्रदेश का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी उत्तर अहिरवार उर्फ शेरू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 04 किलो 330 ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 75/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

संपादकीय

## लाल सागर का संकट

अमेरिकी हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। हूती लगातार पश्चिमी जहाजों को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक फिर देखने को मिली है।इस हफ्ते की शुरुआत के साथ यमन के अंसारुल्लाह गुट (जिसे हूती नाम से भी जाना जाता है) ने लाल सागर और आस पास के क्षेत्रों में जोरदार हमले किए हैं। अंसारुल्लाह के मुताबिक रविवार को अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश मालवाही जहाज पर उन्होंने मिसाइलें दागीं, जिनसे जहाज को गंभीर नुकसान पहुंचा। ब्रिटिश अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ब्रिटिश जहाज के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा है कि इस खबर की जांच कराई जा रही है। सोमवार को अंसारुल्लाह ने दो अमेरिकी जहाजों पर निशाना साधा। खबर है कि इन मिसाइलों से इन जहाजों को खासा नुकसान हुआ है। उन्होंने अमेरिका के एक हमलावर एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराया। गजा में फिलस्तीनियों के नरसंहार के विरोध में हूतियों ने नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजराइल से किसी भी प्रकार से संबंधित जहाजों पर हमला करने का एलान किया था। इसके जवाब में पिछले महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर हमले शुरू किए।लेकिन इन हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। बल्कि उसके बाद से हूतियों ने ब्रिटेन और अमेरिका से संबंधित जहाजों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक इस हफ्ते फिर देखने को मिली है।



## औरत महज सामान है?

-सुनील कुमार

मध्यप्रदेश के मुरैना की खबर है कि एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने बलात्कार किया, और फिर उसे आग लगा दी। यह महिला एक ऐसी महिला से समझौते की बात करने उसके गांव गई थी जिसने इस गर्भवती महिला के पति पर बलात्कार का आरोप लगाया था। अब पुलिस का कहना है कि 80 फीसदी झुलसी इस महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बलात्कार की पहली शिकायत पर गिरफ्तार आदमी अभी जेल से जमानत पर छूटकर आया था, और उसे बचाने के लिए समझौता करने वाली उसकी पत्नी के साथ ऐसे सामूहिक बलात्कार की खबर है, और उस पहली महिला के परिवार के तीन मर्दों ने इस महिला के साथ मिलकर समझौता कराने आई महिला को जला भी डाला।

अब इस मामले को देखें तो लगता है कि पहले किसी ने एक महिला से बलात्कार किया, और फिर मानो उसका बदला चुकाने के लिए उसके परिवार के तीन मर्दों ने बलात्कार के आरोपी की पत्नी से बलात्कार किया। मामला घूम-फिरकर औरतों को बदले के सामान की तरह इस्तेमाल करने का है। चाहे कोई पत्नी को जुए के दांव पर लगा दे, या फिर उसे अपने साथियों को परोस दे, बेच दे, या अपने परिवार के दूसरे मर्दों के उपभोग के लिए मजबूर कर दे। यह सब तो निजी फैसले हैं, लेकिन दूसरी तरफ जंग के मैदान को देखें तो दुनिया भर में यह सैकड़ों-हजारों बरस से चलने में है कि जीतने वाली सेना हारने वाली सेना की औरतों और लड़कियों को उठाकर ले जाती हैं, या उनसे बलात्कार करके छोड़ देती हैं। अभी रूस और यूक्रेन के बीच जो जंग चल रही है उसमें संयुक्त राष्ट्र संघ की एक महिला अधिकारी ने यह बात सामने रखी थी कि रूसी सैनिकों की बीवीयों ने उन्हें यह छूट देकर भेजा है कि वे चाहें तो यूक्रेनी लड़कियों या महिलाओं से बलात्कार कर सकते हैं, वे बस सावधानी के लिए कंडोम का इस्तेमाल करें। ऐसा दुनिया के कई और जंग के दौरान भी सामने आया है जब दुश्मन देश को सबक सिखाने के लिए वहां बलात्कार करने की छूट महिलाएं अपने सैनिक पतियों को देती हैं।

लोगों को याद होगा कि करीब दो दशक तक चली अमरीका-वियतनाम जंग के दौरान भी ऐसे अनगिनत आरोप लगे थे, और खबरें थीं कि अमरीकी सैनिकों ने वहां की स्थानीय लड़कियों से बलात्कार किया, और बाद में अमरीकी लहू वाले वैसे बच्चों को लेकर वियतनामी युवतियां जगह-जगह मीडिया के सामने भी आती थीं, और इस जंग में शामिल अमरीकी सैनिक ऐसे युद्ध और यौन अपराधों को लेकर मानसिक बीमारियों से ग्रस्त भी हो गए थे। दुनिया के और कई देशों के जंग इसी तरह की हिंसा औरतों पर दर्ज कर चुके हैं।

औरत को बदला लेने का सामान, अपमान करने का सामान तो हमेशा से माना गया है। हिन्दुस्तान पर जब मुगलों का हमला हुआ, तो कितने ही हिन्दू राजाओं ने उनसे जंग करने के बजाय अपनी लड़कियों की शादी उनके साथ करवा दी थी, और मानो उसके एवज में वे अपने ही राज-पाठ पर अपना कब्जा बरकरार रख चले थे। मतलब यह कि न सिर्फ जंग के हासिल की शक्ल में, या दुश्मन का मनोबल तोडऩे के लिए उनकी लड़कियों और औरतों का इस्तेमाल होता है, बल्कि अपने राज-पाठ को कायम रखने के लिए भी लोग अपनी लड़कियों का ऐसा इस्तेमाल करते हैं, जो कि मुगलों के वक्त हिन्दुस्तान में बहुत से हिन्दू राजाओं ने किया था। दुनिया की जिस संस्कृति और सभ्यता में मर्दों का बोलबाला रहता है, वहां औरतें मोटेतौर पर सामान ही रहती हैं। दुनिया का रिवाज यही है। आज भी सभ्य या असभ्य किसी भी तरह की, हर तरह की दुनिया में तमाम गालियां औरतों के नाम को लेकर ही बनती हैं। भाषा चाहे अलग-अलग हो, गालियों का हमला तो महिलाओं पर ही रहता है। बचपन से जो बच्चे स्कूली किताबों में लडक़े और लडक़ी में भेदभाव पढ़ते हैं, कमल किताब पढ़ता है, और कमला जल भरती है, तो ऐसे बच्चे बड़े होकर महिलाओं को दूसरे दर्जे का इंसान मान लेते हैं, और उसमें कुछ भी अटपटा नहीं रहता।

# रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक समाज-सुधारक संत थे



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

**जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अधंकारमय था तब संत गुरु रविदास एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। वे अध्यात्म की सुदृढ़ परम्परा के संवाहक थे। वे ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है 'भक्ति', इसलिए तो उनका एक मुहावरा आज भी बहुत प्रसिद्ध है कि, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो -सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि उनमें थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना रविदासजी के सर्वधर्म समभाव या वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन का द्योतक है। संत शिरोमणि गुरु रविदासजी एक महान संत और समाज सुधारक थे। भक्ति, सामाजिक सुधार, मानवता के योगदान में उनका जीवन समर्पित रहा।**



रविदासजी के जन्म को लेकर कई मत हैं। लेकिन रविदासजी के जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है- 'चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास, दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास- इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जोकि इस वर्ष 24 फरवरी 2024 को है। रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है। रविदासजी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गोवर्धनपुर गाँव में एक मोची परिवार में हुआ था। वे कबीरजी के समकालीन थे और अध्यात्म, धर्म, समाज-व्यवस्था पर कबीरजी के साथ उनके कई संवाद उपलब्ध हैं। मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदासजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। रविदासजी ने लोगों को एक नई राह दिखाई कि घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी रविदासजी भक्ति आंदोलन, हिंदू धर्म में भक्ति और समतावादी आंदोलन में एक प्रमुख पुरोधा पुरुष के रूप में उजागर हुए। 15 वीं शताब्दी में रविदास जी द्वारा चलाया गया भक्ति आंदोलन उस समय का एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन था।

धर्म के वास्तविक स्वरूप को उजागर करने, भक्ति और ध्यान में गुरु रविदास का जीवन समर्पित रहा। उन्होंने भक्ति के भाव से कई गीत, दोहे और भजनों की रचना की। पवित्रता, मानवीयता, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता उनके मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। यही कारण है कि रविदासजी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था। वे समाज सुधारक थे, तत्कालीन रूढियों, आडम्बरों एवं दुराचारों को समाप्त कर स्वस्थ समाज संरचना करने में भी उनका विशेष योगदान रहा। इन्होंने समाज से जातिवाद, भेदभाव और समाजिक असमानता के खिलाफ जनजागृति का वातावरण निर्मित कर समाज को समानता और न्याय के प्रति प्रेरित किया। गुरु रविदासजी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया।

रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक संत थे। एक कथा के अनुसार रविदासजी बचपन में अपने साथियों के साथ खेल रहे थे। उनमें से एक साथी अगले दिन खेलने नहीं आता है तो रविदासजी उसे ढूंढ़ते हुए उसके घर तक पहुंच जाते हैं। उसकी मृत्यु हो गई और वे मृत शरीर को देखकर बहुत दुखी होते हैं और अपने मित्र को बोलते हैं कि उठो ये समय सोने का नहीं है, मेरे साथ खेलो। इतना सुनकर उनका मृत साथी खड़ा हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संत रविदासजी को बचपन से ही आलौकिक शक्तियां प्राप्त थी। लेकिन जैसे-जैसे समय निकलता गया उन्होंने अपनी शक्तियों को भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की भक्ति में लगाई। इस तरह धीरे-धीरे लोगों का भला करते हुए वे जन-जन के प्रिय अलौकिक संत बन गए।

संत गुरु रविदास ने स्वयं को ही पग-पग पर परखा और निथारा। स्वयं को भक्त माना और उस परम ब्रह्म परमात्मा का दास कहा। वह अपने और परमात्मा के मिलन को ही सब कुछ मानते। शास्त्र और किताबें उनके लिये निरर्थक और पाखण्ड था, सुनी-सुनाई तथा लिखी-लिखाई बातों को मानना या उन पर अमल करना उनको गंवारा नहीं। इसीलिये उन्होंने जो कहा अपने अनुभव के आधार पर कहा, देखा और भोगा हुआ ही व्यक्त किया, यही कारण है कि उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। रविदासजी शब्दों का महासागर हैं, ज्ञान का सूरज हैं। उनके बारे में जितना भी कहो, थोड़ा है, उन पर लिखना या बोलना असंभव जैसा है। सच तो यह है कि बूंद-बूंद में सागर है और किरण-किरण में सूरज। उनके हर शब्द में गहराई है, सच का तेज और ताप है।

संत गुरु रविदास सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक थे, साम्प्रदायिक सद्भावना एवं सौहार्द को बल दिया। उनको हिन्दू के अलावा अन्य संप्रदायों में बराबर का सम्मान प्राप्त था। उन्होंने मानव चेतना के विकास के हर पहलू को उजागर किया। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में रविदासजी ने भी धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद के खिलाफ वातावरण बनाया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए रविदासजी ने संजीवनी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना रविदासजी के काल में, रविदासजी के ही हाथों, उनकी रचनाओं-विचारों एवं कार्यो से हुई। शायद तभी रविदासजी कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्रष्टा कहलाए। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बाँधा। रविदासजी ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएँ नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे।

संत गुरु रविदास ने धरती और धरती के लोगों की धड़कन को सुना। धड़कनों के अर्थ और भाव को समझा। इन धड़कनों को वे जितना आत्मसात करते चले, उतना ही उनका जीवन ज्ञान एवं संतता का ग्रंथ बनता गया। यह जीवन ग्रंथ शब्दों और अक्षरों का जमावड़ा मात्र नहीं, बल्कि इसमें उन सच्चाइयों एवं जीवन के नए अर्थो-आयामों का समावेश है, जो जीवन को शांत, सुखी एवं उन्नत बनाने के साथ-साथ जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। उनके अनुभवों और विचारों ने एक नई दृष्टि प्रदान की। इस नई दृष्टि को एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात कहा जा सकता है। रविदासजी भारत की उज्ज्वल गौरवमयी संत परंपरा में सर्वाधिक समर्पित एवं विनम्र संत हैं। वे गुरुओं के गुरु थे, उनका फक्कडपन और पुरुषार्थ, विनय और विवेक, साधना और संतता, समन्वय और सहअस्तित्व की विलक्षण विशेषताएं युग-युगों तक मानवता को प्रेरित करती रहेगी।

**यह निजी विचार है।**

# भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर सवाल उठाने वाले लोग जरा इन तथ्यों पर गौर करें

**- प्रह्लाद सबनानी**

भारत में पिछले एक दशक में, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है और भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गई है। आगे आने वाले लगभग पांच वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी, ऐसा आकलन विश्व के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान कर रहे हैं। आज विश्व के कई देश पूंजीवादी मॉडल से निराश होकर भारतीय आर्थिक मॉडल को अपनाने की बात करने लगे हैं क्योंकि सनातन संस्कृति पर आधारित भारतीय आर्थिक मॉडल पश्चिमी आर्थिक मॉडल की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में कुछ राजनैतिक दल एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत में हाल ही के समय में हुई आर्थिक प्रगति को कमतर आंकते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव की ब्यार पर ही प्रश्न चिन्ह लगाते दिखाई दे रहे हैं।




भारत आज अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रान्स एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवां स्थान हासिल किया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, अब दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर खोई हुई अपनी प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। एक ईसवीं से लेकर 1750 ईसवीं तक आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में भारत का बोलबाला था। इस खंडकाल में विश्व के कुल विदेशी व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से भी अधिक की रही है क्योंकि उस समय पर भारत में सनातन संस्कृति का पालन करते हुए व्यापार किया जाता था। भारत में कर्म एवं अर्थ के कार्यों को धर्म का पालन करते हुए करने की प्रथा का पुरातन शास्त्रों में वर्णन मिलता है। भारत में चूंकि आज एक बार पुनः सनातन संस्कृति का पालन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सम्पन्न हो रहे हैं अतः पूरे विश्व का भारत पर विश्वास बढ़ रहा है। विदेशी निवेश के साथ साथ आज लगभग 50 देश भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना चाहते हैं क्योंकि भारत वैश्विक स्तर पर विभिन्न उत्पादों के लिए एक बहुत बड़े बाजार के रूप में विकसित हो रहा है।

### इकोनॉमी वाले प्लान पर आई क्या बड़ी खबर

ऐसा कहा जाता है कि शेयर बाजार में निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश बहुत सोच विचार कर करता है एवं जब निवेशकों को यह आभास होने लगता है कि अमुक कम्पनी का भविष्य बहुत उज्ज्वल है एवं निवेशक द्वारा किए गए निवेश पर प्रतिफल अधिकतम रहने की सम्भावना है, तभी निवेशक अपनी जमापूंजी को शेयर बाजार में उस अमुक कम्पनी में निवेश करते है। इस प्रकार, जब किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो विशेष रूप से विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थागत निवेशक उस देश में विभिन्न कम्पनियों के शेयर में अपनी निवेश बढ़ाते हैं। चूंकि विदेशी संस्थानों को आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एवं भारतीय कम्पनियों की विकास यात्रा पर भरपूर भरोसा है अतः भारतीय शेयर बाजार में निवेश भी रफ्तार पकड़ रहा है।

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति में शासन द्वारा बनाई गई नीतियों का विशेष प्रभाव रहता है। पिछले 10 वर्षों के खंडकाल में भारत न केवल आर्थिक क्षेत्र बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में भी मजबूत हुआ है और भारत ने पूरे विश्व में अपनी धाक जमाई है। आज भारतीय मूल के लगभग 3.20 करोड़ लोग विश्व के अन्य देशों में निवास कर रहे हैं। भारतीय मूल के इन नागरिकों ने भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए इन देशों के स्थानीय नागरिकों को भी प्रभावित किया है जिससे विदेशी नागरिक भी अब सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित होने लगे हैं। विशेष रूप से विकसित देशों में तो सामाजिक तानाबाना इतना अधिक छिन्न-भिन्न हो चुका है कि अब ये देश आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याओं के हल हेतु आशाभारी नजरों से भारत की ओर देख रहे हैं।

अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज भारत एक वैश्विक ताकत बनाकर उभरा है। भारत आज न केवल अपने लिए सेटेलाईट अंतरिक्ष में भेज रहा है बल्कि विश्व के कई अन्य देशों के लिए भी सेटेलाईट अंतरिक्ष में स्थापित करने में सक्षम हो गया है। योग एवं आध्यात्म के क्षेत्र में तो भारत अनादि काल से विश्व गुरु रहा ही है, परंतु हाल ही के समय में भारत एक बार पुनः योग एवं आध्यात्म के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन करने की ओर अग्रसर है। योग को सिखाने के लिए तो यूनाइटेड नेशन्स ने प्रति वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने का निर्णय लिया है और इसे पूरे विश्व में लगभग सभी देशों द्वारा बहुत ही उत्साह से मनाया जाता है। इसी प्रकार विज्ञान के क्षेत्र में भी भारत ने पूरे विश्व में अपना एक अलग मुकाम बना लिया है। किसी भी देश के लिए आर्थिक प्रगति तभी सफल मानी जानी चाहिए जब उस देश के अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक को भी उस देश की आर्थिक प्रगति का लाभ मिलता दिखाई दे। इस दृष्टि से विशेष रूप से गरीबी एवं आय की असमानता को कम करने में भारत ने विशेष सफलता पाई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय मुद्रकोष एवं विश्व बैंक ने भी जमकर सराहना की है। भारत में वर्ष 1947 में 70 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे थे और अब वर्ष 2020 में देश की कुल आबादी का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है।

## खास खबर

### कृषि विपणन बोर्ड के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा 25 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित राज्य कृषि विपणन बोर्ड के तहत सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ, सचिव कनिष्ठ के पदों पर भर्ती परीक्षा 25 फरवरी दिन रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में जिले के 3 हजार 936 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार मारबल को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 13 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, डाईट कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डुमाली, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिदेसर, पैराडाईज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा तथा कृषि एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट कांकेर और शासकीय हाई स्कूल शीतलापारा कांकेर शामिल हैं।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम चिद्दों, जंतर, बड़भूम तथा जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम कलडबरी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह ने ग्राम चिद्दों के निरीक्षण के दौरान भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किए गए कार्यों के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कार्य की आवश्यकता, जल संरक्षण से होने वाले लाभ तथा आसपास के किसानों से चर्चा कर कार्य के होने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष प्रभाव के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि कार्य के स्वीकृत हो जाने से लगभग 70- 80 एकड़ की भूमि तथा 40 से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को कार्यों की स्वीकृति के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम जंतर में भूमि संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधित कार्यों का खेतों से होकर प्रस्तावित स्थल तक पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल में आंशिक संशोधन किए जाने योग्य स्थिति को देखकर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया। इसके पश्चात सु सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत बड़भुम के तालाब गहरीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तालाब गहरीकरण कार्य में 140 से अधिक श्रमिक कार्यरत पाए गए। उन्होंने कार्यस्थल पर तत्काल सूचना पटल निर्माण करने कहा तथा श्रमिकों से चर्चा कर कार्य एवं मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम कलडबरी में किए जा रहे परकुलेशन टैंक एवं भूजल संचय के कार्यों जायजा लिया। इस दौरान कार्य स्थल पर मस्टर रोल का वाचन किया गया। जिसमें 40 में से 38 लोगों की उपस्थिति पाई गई। सीईओ जिला पंचायत ने दो लोगों की अनुपस्थिति के संबंध में जानकारी ली।

### महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के लिए अनुदान मांगे पारित

# महतारी वंदन योजना के लिए 3000 करोड़ रूपए का प्रावधान

- कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल और पोषण के लिए 1500 स्थानों में पालना केन्द्रों के लिए 20 करोड़ रूपए का प्रावधान
- कुपोषण दूर करने पौष्टिक आहार हेतु 700 करोड़ रूपए का प्रावधान
- एक हजार कन्या शालाओं तथा महाविद्यालयों में सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन के लिए 13 करोड़ रूपए स्वीकृत
- शहरी क्षेत्रों में 100 आंगनबाड़ियों के लिए 12 करोड़ रूपए का प्रावधान
- प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना हेतु 116 करोड़ 56 लाख रूपए का प्रावधान
- निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए 4 करोड़ रूपए का प्रावधान



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों के लिए वर्ष 2024-25 के लिए 3009 करोड़ 28 लाख 14 हज़ार रुपए की अनुदान मांगे छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पारित की गई। इनमें समाज कल्याण विभाग से संबंधित व्यय के लिए मांग संख्या 34 के तहत 121 करोड़ 76 लाख 27 हज़ार रुपए और महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए मांग संख्या 55 के तहत 2887 करोड़ 51 लाख 87 हजार रूपए की अनुदान मांगे शामिल हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कुल राशि 5682 करोड़ 85 लाख 83 हजार रूपए की अनुदान मांगें छत्तीसगढ़ राज्य की महतारियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की नारी शक्ति, किशोरी बेटियों और नौनिहालों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से संबल बनाएगी तथा उनका सशक्तिकरण करेगी। यह वादा हमने निभाया और लगभग सभी पात्र महिलाओं को 1000 रूपये प्रतिमाह उनके खाते में अंतरित करने का निर्णय लिया है। आगामी माह में राशि का अंतरण भी प्रारंभ कर देंगे। महतारी वंदन योजना में लगभग 8000 करोड़ रूपये का व्यय संभावित है। इसके लिए वर्ष 24-25 में प्रथम चरण में 3000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इससे महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण में सहायता मिलेगी।

श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल हेतु 1500 स्थानों पर पालना केन्द्रों हेतु बजट में 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए बजट में 82.80 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। कुपोषण दूर करने पोषण आहार हेतु बजट में 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट में 1000 कन्या शालाओं, महाविद्यालयों में सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन हेतु 13 करोड़ का प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवनों के लिए 24 करोड़ रूपए और शहरी क्षेत्रों में 100 आंगनबाडी हेतु 12 करोड़ रूपये का प्रावधान और आंगनबाड़ी को नर्सरी स्कूलों की तरह विकसित करने के लिए 29 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। मिशन शक्ति हेतु 10 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ महिला कोष से स्व-सहायता समूहों तथा महिलाओं को ऋण योजना का लाभ दिलाने हेतु 25 करोड़ 20 लाख का प्रावधान।

श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना हेतु 7600 कन्याओं के विवाह का लक्ष्य रखते हुए 38 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना हेतु 116 करोड़ 56 लाख रूपये और मिशन वात्सल्य के लिए 94 करोड़ 80 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 5 करोड़ 27 लाख रूपए का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन नम्बर (181), चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर (1098) के एकीकरण टोल फ्री नम्बर 112 हेतु 75 करोड़ 71 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष योजनाओं और सेवाओं में उन्नत तकनीक अपनाने के लिए विभाग को डिजिटलाईजेशन करने के लिए बजट में 5 करोड़ 75 लाख रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि गत सरकार द्वारा संचालित 25 योजनाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया है और इन योजनाओं को 10 अम्ब्रेला योजना के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों को ऋण योजना के लिए 25 करोड़ 20 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और उभयलिंगी व्यक्तियों के साथ ही अन्य व्यक्तियों के लिए विभागीय योजनाओं से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर 155326 या टोल फ्री नंबर 1800-233-8989 संचालित है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक करोड़ 30 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। नशापान की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में 2951 भारतमाता वाहिनी का गठन किया गया है। इसके लिए बजट में 10 करोड़ रूपए का प्रावधान है।

श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को पीआरआरसी सेंटर के माध्यम से अत्याधुनिक कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए एक करोड़ 59 लाख 72 हजार रूपए का प्रावधान है। दिव्यांग व्यक्तियों के सामाजिक पुनर्वास के लिए नि:शक्त जन विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए 4 करोड़ रूप्ए का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत दिव्यांग दम्पति को एकमुश्त एक लाख रूपए की सहायता दी जाती है। दिव्यांग व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए संबल योजना के तहत एक करोड़ 91 लाख रूपए और वृद्धाश्रमों के संचालन के लिए 4 करोड़ 15 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

## राजिम कुंभ 'कल्प' पुनः अपने वैभव और गौरव को प्राप्त करेगाः छत्तीसगढ़ की संस्कृति बढ़ेगी



**रायपुर।** राजिम कुंभ पुनः अपने वैभव और गौरव के साथ मनाया जायेगा। बुधवार को विधानसभा में राजिम माघी पुन्नी मेले का नाम बदलने के लिए संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा संशोधन विधेयक पेश किया गया। जिसको लेकर पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस के बाद मत विभाजन हुआ। विधेयक के पक्ष में 43 मत प्राप्त हुए जबकि विपक्ष में 30 वोट पड़े। जिसके बाद बहुमत के आधार पर संशोधन विधेयक सदन में पारित हो गया। जिसके बाद एक बार राजिम मेला राजिम कुंभ कल्प के नाम से जाना जाएगा। राजिम माघी पुन्नी मेला संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जवाब देते हुए कहा कि, पूरे छत्तीसगढ़ में 5 हजार स्थानों पर माघी पुन्नी मेला का आयोजन होता है। और पूरे देश में लाखों स्थानों पर पुन्नी मेले का आयोजन होता हैं। जबकि कुंभ देश में सिर्फ चार स्थानों पर ही होता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कुंभ का नाम दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि, वेद पुराणों में महानदी को चित्रोत्पला कहा गया है। राजिम का धार्मिक महत्व है, यहां लोग अस्थि विसर्जन करते हैं। हम इस विधेयक के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। माघी पुन्नी मेले के स्थान पर कुंभ कल्प मेला नाम दिया जा रहा है। धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में विधेयक पेश किया जिस पर कुरूद से भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पक्ष रखते हुए कहा कि, पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और इतिहास से छेड़छाड़ किया। जिसके बाद पक्ष और विपक्ष में तीखी नोंक-झोंक शुरू हो गई। कांग्रेस सदस्यों ने नाम बदलने का विरोध किया। जिसके बाद मत विभाजन हुआ और विधेयक के पक्ष में 43 और विपक्ष में 30 वोट पड़े। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, मैं सभी देशवासियों, साधु संत महात्माओं, मंडलेश्वर को बधाई देता हूं कि उनकी कल्पना फिर से साकार होने जा रही है। राजिम कुंभ कल्प के माध्यम से पूरे देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ की जो पहचान बनी थी। उसको पुनः स्थापित करने के लिए विधानसभा में राजिम माघी पुन्नी मेला संशोधन विधेयक पारित हुआ है। और राजिम कुंभ अपने पुराने वैभव और गरिमा के साथ 24 फरवरी से प्रारंभ होगा। इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष के साथ ही पक्ष विपक्ष के सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आत्मग्लानि से पीड़ित है। 13 साल से राजिम कुंभ के नाम से चले आ रहे आयोजन को उसने अपने राजनीतिक प्रतिशोध और महत्वाकांक्षा के चलते बदलकर पुन्नी मेला कर दिया था। हम छत्तीसगढ़ के पुराने वैभव को लौटाने के लिए राजिम कुंभ को वापस लाए हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस को अपनी गलती को मान लेना चाहिए था और बगैर मत विभाजन के ही संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पास कर देना चाहिए था।

## मुख्यमंत्री ने बिहान कैडर्स को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर के आयोजित सरस मेला कार्यक्रम अंतर्गत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला के राज्य आजीविका मिशन बिहान के उत्कृष्ट कैडर्स को सम्मानित किया। जिले के बिहान की महिलाओं ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा एवं हुनर को प्रदर्शित किया है। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में जैसे संकुल संगठन, पीआरपी, रिसोर्स बुक कीपर, एफएलसीआरपी उत्पादक समूह, कृषक उत्पादक संगठन कृषि सखी, पशु सखी एवं सक्रिय महिला के उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु जिला के उत्कृष्ट कैडर्स को सर्वाधिक 8 श्रेणी में अवार्ड से सम्मानित किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी उत्कृष्ट कैडर्स को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जिले की बिहान की महिलाओं ने अपनी इस सफलता से जिले का नाम रोशन किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नये आयाम स्थापित करें। जिला पंचायत सीईओ सु सुरूचि सिंह ने कहा कि बिहान की महिलाओं ने जिले को गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट संकुल संगठन अवार्ड आस्था संकुल विकासखंड डोंगरगांव, उत्कृष्ट पीआरपी चंद्रकली साहू विकासखंड मानपुर, उत्कृष्ट आरबीके रीना पारधी विकासखंड राजनांदगांव, मनीषा ताम्रकार विकासखंड डोंगरगढ़, उत्कृष्ट एफपीसी स्वर्णोपज कृषक उत्पादक कंपनी खैरागढ़-छुईखदान, उत्कृष्ट सीआरपीईपी (स्वीप) शोभा सिन्हा विकासखंड राजनांदगांव, उत्कृष्ट पशु सखी राधा जाड़े विकासखंड मानपुर व पिंकी साहू विकासखंड राजनांदगांव तथा उत्कृष्ट कृषि सखी ऐंजन वर्मा विकासखंड राजनांदगांव को प्रदान किया गया।

## राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के विभागों के लिए 3608 करोड़ रूपए से अधिक की अनुदान मांगे पारित

रायपुर। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा के विभागों के लिए 3608 करोड़ 47 लाख 81 हज़ार रुपए की अनुदान मांगे छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज सर्वसम्मति से पारित की गई। इनमें भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन के लिए 2072 करोड़ 16 लाख 69 हजार रुपए, राजस्व विभाग से संबंधित व्यय के लिए 30 करोड़ 23 लाख 22 हज़ार रुपए, प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय के लिए 1433 करोड़ 38 लाख 73 हज़ार रुपए और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 72 करोड़ 69 लाख 17 हज़ार रुपए शामिल है।



अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की मांगों से विभागीय मंत्री को अवगत कराया और सुझाव भी दिए। अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने मुंगेली जिले के चकरभाठा और बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के सकर्रा में उप तहसील कार्यालय खोलने की घोषणा की।

राजस्व मंत्री वर्मा ने भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि राजस्व विभाग भूमि संबंधी अभिलेखों का संधारण करता है, वहीं शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं उसे आम जनता तक पहुंचाने का काम राजस्व विभाग के माध्यम से किया जाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार आम जनता की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं पहुंचाने विभागीय नियमों व प्रक्रियों में लगातार सुधार एवं उन्नयन करते हुए नवीन तकनीक का उपयोग कर रही है। इसके लिए बजट में अनेक प्रावधान किए गए हैं।

श्री वर्मा ने सदन में कहा कि ऑनलाइन नागरिक सुविधाओं के लिए अभिलेखों के दुरुस्तीकरण, हस्ताक्षरयुक्त खसरा एवं बी-1 डिजिटल कापी, ई-कोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार गरीबों और मजदूरों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। हमारी सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय कृषि कल्याण के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत पंजीकृत किसानों को 10 हजार रूपए वार्षिक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटवारी नक्शों के जियोरिफ्रेंसिंग कार्य के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। नगरीय क्षेत्रों के ग्रामों में चांदा-मुनारा के लिए 16 करोड़ रूपए, प्रदेश के सभी तहसील कार्यालयों में कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि के लिए 115 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। नवगठित अनुविभागों एवं तहसीलों के कार्यालय भवन हेतु 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

राजस्व मंत्री वर्मा ने राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय की नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित पीड़ितों के हितों की भी चिंता की है। वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य आपदा मोचननिधि के लिए 533 करोड़ 60 लाख रुपए तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के लिए 50 करोड़ रुपए, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के लिए 133 करोड़ 40 लाख रूपए, निर्देशन व प्रशासन के लिए 3.26 करोड़ रूपए तथा आपदाओं का विश्लेषण एवं योजना तैयार करने के लिए 58 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री वर्मा ने विभागीय अनुदान मांगों की चर्चा के उत्तर में कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में हमारी सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में ओलंपिक खेलों को प्रोत्साहन और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी। इसके लिए 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। कला, साहित्य, खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए युवा रत्न सम्मान योजना हेतु एक करोड़ 50 लाख रूपए, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 10 करोड़ 65 लाख से अधिक की राशि प्रावधानित है।

### महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले में 2 लाख 88 हजार 562 महिलाओं ने भरे फॉर्म

## सूची का प्रकाशन 23 फरवरी को, दावा आपत्ति 23 से 25 फरवरी 2024 तक कर सकते हैं

**जांजगीर-चांपा /** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन लेने के साथ इनके सत्यापन का कार्य भी किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में अब तक कुल 2 लाख 88 हजार 562 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों में से 2 लाख 65 हजार 448 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। शत प्रतिशत सत्यापन का लक्ष्य हासिल करने हेतु लगातार सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ पात्र महिलाओं को आगामी मार्च महीने से मिलने लगेगा। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सूची का प्रकाशन 23 फरवरी 2024 को किया जायेगा। सूची पर आपत्ति 23 से 25 फरवरी 2024 तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 01 मार्च 2024 को होगा एवं स्वीकृति पत्र 02 मार्च 2024 को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राहियों को राशि का अंतरण सीधे उनके खातों में 08 मार्च 2024 को किया जाएगा।

# श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया गद्दी महोत्सव शिवरीनारायण मठ में

## राजेश्री महन्त जी ने भगवान शिवरीनारायण के दरबार में लोक कल्याण की कामनाएं की

**जांजगीर-चांपा** / शिवरीनारायण - महानदी की त्रिवेणी संगम तट पर युग युगांतर से विराजित भगवान शिवरीनारायण की पावन धरा शिवरीनारायण मठ में गद्दी महोत्सव का पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अपरान्ह 3:00 बजे रायपुर से रवाना होकर शाम 5:00 बजे शिवरीनारायण मठ पहुंचे, यहां महोत्सव की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी थी, वे शाम 6:30 बजे गद्दी महोत्सव स्थल पर उपस्थित हुए। मठ मंदिर के उपरोहित राजू शर्मा एवं उनके सहयोगियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना, हवन, परिक्रमा का कार्य संपन्न कराया तत्पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज गद्दी पर आसीन हुए। श्री जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी जी महाराज ने पूज्य महाराज जी का तिलक लगाकर आरती की उन्हें पुष्पमाला, साल, द्रव्य, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास जी ने उन्हें तिलक लगाकर शाल, श्रीफल, पुष्पमाला अर्पित करके आशीर्वाद प्राप्त किया तदुपरांत मठ मंदिर के संत महात्माओं एवं नगर तथा दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए श्रद्धालु भक्तों ने बारी-बारी से महाराज श्री का अपनी श्रद्धा भक्ति पूर्वक पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। यह क्रम लगभग रात्रि 9:00 बजे तक निरंतर चलता ही रहा, लोगों का आने का सिलसिला जारी था, अंततः राजेश्री महन्त जी महाराज श्रद्धालु भक्तों एवं सहयोगियों सहित बड़े मंदिर में भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित हुए और उनकी विधिवत् पूजा अर्चना कर संपूर्ण जगत के कल्याण की कामनाएं की। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण मठ में वर्ष में दो बार गद्दी महोत्सव का कार्यक्रम परंपरागत रूप से संपन्न होता है।

**कार्यक्रम स्थल की भव्य सजावट** - गद्दी महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम स्थल को पंडाल एवं पुष्पमाला तथा विद्युत की रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था, अति उत्तम ध्वनि विस्तारक यंत्र से कार्यक्रम स्थल में रामरक्षा स्तोत्र सहित आध्यात्मिक मंत्रों के उच्चारणों ने कार्यक्रम को बहुत ही मनमोहक बना दिया।

**दूर दराज के क्षेत्र से उपस्थित हुए भक्तगण**

शिवरीनारायण मठ में गद्दी महोत्सव के अवसर पर नगर एवं आसपास के लोग तो बड़ी संख्या में उपस्थित थे ही दूर दराज से आए हुए लोग भी काफी संख्या में इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें विशेष कर बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा, शक्ति, रायगढ़ , बलौदा बाजार-भाटापारा, सारंगढ़ बिलाईगढ़, भटगांव, कसडोल आदि अनेक स्थान से श्रद्धालु भक्त गणों ने पहुंचकर महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शिवरीनारायण मठ के ट्रस्टी ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर, राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, हेमंत दुबे तथा पूर्णेन्द्र तिवारी,वीरेंद्र तिवारी, सुबोध शुक्ला, योगेश शर्मा , राधेश्याम शर्मा, भगत राम शर्मा,गोपाल अग्रवाल, प्रमोद सिंह, लक्ष्मी सिंह, अमित आचार्य,मनीष वैष्णव, सुशील कुमार साहू, शशिकांत सिंह, निरंजन लाल अग्रवाल,देवालाल सोनी, भुवनेश्वर दास वैष्णव, गजेंद्र दास वैष्णव, प्रतीक शुक्ला, जगदीश यादव, दिलीप श्रीवास, श्री आदित्य जी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, नवीन शर्मा, पवन सुल्तानिया, अवधेश सिंह सहित अनेक लोगों के नाम उल्लेखनीय है!

## खास खबर...



### भाजपा पिछड़ा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का एयरपोर्ट में स्वागत

प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने राकेश चंद्राकर को विधिवत पदभार ग्रहण करवाया

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर के रायपुर आगमन पर एयरपोर्ट में उनका ढोल-नगाड़े एवं फूलमालों के साथ स्वागत हुआ। दिल्ली से लौटे पर संगठन महामंत्री रामप्रताप, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, भारतीय जनता पार्टी पिछला मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर दुर्गा विधायक गजेंद्र यादव का जोरदार स्वागत हुए। स्वागत समारोह में जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के तत्कालीन अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विधिवत नव नियुक्त पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर को प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी सौंप कर उन्हें फूल वालों से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उन्हें प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी। भरत वर्मा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई अब राकेश चंद्राकर को पिछड़ा वर्ग की कमान सौंपा गया है और उन्हें लोकसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी निभाकर छत्तीसगढ़ के 11 लोक सभा सीट पर जीत हासिल कर केंद्र में पुनः सरकार बनाना है। इधर कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष बनने पर प्रदेश कार्यालय में मिठाई बाटकर खुशी मनाई।

बता दें कि पदभार ग्रहण के बाद नवनियुक्त प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि संगठन को पूरे छत्तीसगढ़ में और अधिक मजबूत कर आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी 11 की 11 सीट जीतकर भारतीय जनता पार्टी सहित एन डी ए को केंद्र में 400 से अधिक सीट जीत कर पुनः मोदी की सरकार बनाना है। हम सभी को कड़ी मेहनत के साथ आने वाले चुनाव में आपसी तालमेल बनाकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अब पूरे प्रदेश में दौरे का कार्यक्रम कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा जिसकी शुरुआत इसी महीने के 25 फरवरी से होगी। सबसे पहले बस्तर संभाग से दौरे की शुरुआत होगी । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संगठन द्वारा दिए गए कार्य सामाजिक सम्मेलन विधानसभा स्तर पर किया जाएगा। इसके अलावा एक से 5 मार्च तक आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महाअधिवेशन में मंडल स्तर के कार्यकर्ता को सम्मिलित होना है।

### छत्तीसगढ़ बोर्डः दसवीं-बारहवीं परीक्षा साल में दो बार, 2025 के सत्र से नई व्यवस्था

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं साल में दो बार होंगी। नई व्यवस्था शिक्षा सत्र 2025-26 से लागू होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)के तहत यह बदलाव होगा। प्रदेश में इसके लिए जल्द व्यवस्था शुरू होगी। अभी बोर्ड एग्जाम साल में एक बार आयोजित किए जाते हैं। इस बार की परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो रही है। इसमें करीब सवा छह लाख छात्र शामिल होंगे।

जानकारों का कहना है कि नई व्यवस्था से छात्रों को फायदा होगा। इससे बोर्ड एग्जाम को लेकर छात्रों का तनाव कम होगा। कोर्स अलग-अलग हिस्सों में बंटेगा। इसका भी फायदा छात्रों को मिलेगा। दो बार बोर्ड एग्जाम की नई व्यवस्था लागू होने का आशय है कि जून 2024-25 में जो सत्र शुरू होगा वह सिंगल बोर्ड एग्जाम का आखिरी सत्र होगा। उधर, सीबीएसई की भी 10वीं-12वीं परीक्षा साल में दो बार आयोजित करने की तैयारी है।

पिछले दिनों केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राजधानी के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से साल में दो बार सीबीएसई के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बैठने का विकल्प दिया जाएगा। इसे लेकर अब माना जा रहा है कि साल में दो बार बोर्ड एग्जाम को लेकर सीबीएसई से निर्देश जारी किए जाएंगे।

# कोरबा में बनेगा एल्यूमिनियम पार्क, इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर आयोजित होगा इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ सम्मेलन

## वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम विभाग की अनुदान मांगें पारित, बनेगी प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 2024-29

**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के विभागों से संबंधित 773 करोड़ 28 लाख 42 हजार रुपए की अनुदान मांगें बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में चर्चा के बाद पारित कर दी गई। इनमें वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय के लिए 530 करोड़ 29 लाख 69 हजार रुपए तथा श्रम विभाग के लिए 242 करोड़ 98 लाख 73 हजार रुपए की राशि शामिल है। देवांगन ने सदन में अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कोरबा जिले में एल्यूमिनियम पार्क की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए आगामी बजट में आरंभिक तौर पर 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने अनुदान मांगों पर हुई चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की वर्तमान औद्योगिक नीति 31 अक्टूबर 2024 तक प्रचलन में है। राज्य की आवश्यकता के अनुरूप इसकी समीक्षा कर नई औद्योगिक नीति 2024-2029 जारी की जाएगी। नई नीति में राज्य में उपलब्ध कृषि उत्पादों, वनोपजों, खनिज सम्पदा एवं रोजगारमूलक उद्योगों की स्थापना को दृष्टिगत रखते हुए नये उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति के लिए सभी हितधारकों के साथ बात करके तथा अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन कर एक श्रेष्ठ नीति बनाएंगे, ताकि औद्योगिक विकास में तेजी आए और प्रदेश में रोजगार के नये अवसर सृजित हो सके।

### नये औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 60 करोड़

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री देवांगन ने सदन में बताया कि नये औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 60 करोड़ रुपए, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहित करने पृथक औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपए, लागत पूंजी अनुदान के लिए 200 करोड़ रुपए एवं ब्याज अनुदान के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान नए बजट में किया गया है। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की जाएगी। साथ ही प्रदेश में अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से युक्त कोरबा-बिलासपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट के क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रारंभिक कार्ययोजना तैयार करने के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वन संसाधनों से परिपूर्ण बस्तर और सरगुजा संभाग में लघु वनोपज आधारित प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना एवं छत्तीसगढ़ खाद्य प्रसंस्करण मिशन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण सहायता अनुदान के लिए 13 करोड़ रुपए की राशि प्रावधानित है। उन्होंने बताया कि युवाओं में स्टार्ट-अप, इनोवेशन एवं रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में सेंट्रल इन्स्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी का उन्नयन किया जाएगा। इसके लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### नवा रायपुर में आईटी आधारित प्लग एवं प्लेमॉडल का विकास

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री देवांगन ने सदन में कहा कि राज्य में औद्योगिक अधोसंरचना के विकास हेतु सड़क, पानी, बिजली इत्यादि के संधारण एवं नवीन परियोजनाओं के साथ ही नवा रायपुर में आईटी आधारित ''प्लग एवं प्लेमॉडल का विकास किया जाएगा। इसके लिए अधोसंरचना विकास उन्नयन कार्य अंतर्गत 35 करोड़ रुपए प्रावधानित है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके आयोजन के लिए प्रारंभिक तौर पर 5 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टार्ट-अप हब और नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग इकाईयां स्थापित करने एवं राज्य में एक समृद्ध नवाचार पारिस्थितिक तंत्र तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ स्टार्ट-अप समिट का भी आयोजन किया जाएगा।

### सरकार बना रही श्रमेव जयते वेबपोर्टल

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने श्रम विभाग से जुड़ी अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में बताया कि छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत अधिसूचित 56 प्रवर्ग के 17 लाख 54 हजार पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाओं हेतु आगामी बजट में 123 करोड़ 98 लाख रुपए से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है। अटल श्रम सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक स्थान में प्राप्त हो सके, इसके लिए शासन द्वारा श्रमेव जयते वेबपोर्टल बनाया जा रहा है। इसके लिए बजट में 2 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 505 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का व्यय प्रस्तावित है। औद्योगिक क्षेत्र के संगठित श्रमिकों के लिए छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए 6 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का होगा विस्तार

मंत्री देवांगन ने सदन में बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में श्रमिकों के लिए संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का विस्तार किया जाएगा। इस योजना के तहत श्रमिकों को मात्र 5 रुपए में गरम भोजन, दाल, चावल, सब्जी, अचार प्रदान किया जाता है। वर्तमान में इस योजना के तहत सात जिलों रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, महासमुन्द और सूरजपुर में 21 केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 3200 श्रमिकों को गरम भोजन मिल रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में इस योजना के अंतर्गत 9 जिलों में 24 नये केन्द्र खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि नये बजट में श्रम कानूनों के क्रियान्वयन के लिए 32 करोड़ रुपए और औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए 6 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। साथ ही कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं के अंतर्गत श्रमिकों के लिए 61 करोड़ रुपए प्रावधानित है।

### श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में खुलेंगे नए औषधालय

मंत्री देवांगन ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं के अंतर्गत प्रदेश के 10 जिलों में 42 औषधालय संचालित है। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों तिल्दा, उरला, लारा और खरसिया में नये औषधालय खोलने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों को अंतः रोगी तथा विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा रायपुर और कोरबा में 100-100 बिस्तरों का चिकित्सालय बनाया गया है। भिलाई और रायगढ़ में 100-100 बिस्तरों के चिकित्सालय का काम प्रगति पर है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा बिलासपुर में भी 100 बिस्तरों के अस्पताल के निर्माण की मंजूरी दी गई है।

### श्रमिकों के सहयोग के लिए मोर चिन्हारी भवन की स्थापना

श्रम मंत्री देवांगन ने सदन में बताया कि दूसरे राज्यों में प्रवास करने वाले छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए वहां ''मोर चिन्हारी भवन की स्थापना की जाएगी। इसके पहले चरण में पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, गुजरात और महाराष्ट्र में जहां राज्य के श्रमिक अधिक संख्या में प्रवास करते हैं, मोर चिन्हारी भवन बनाए जाएंगे। इसके माध्यम से प्रवासी श्रमिकों को समय-समय पर सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट निजी शालाओं में निःशुल्क पढ़ाने के लिए शीघ्र नई योजना प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के द्वारा आर्थिक गतिविधि के लिए बैंक से लिए गए ऋण पर लगने वाले ब्याज में अनुदान देने की भी योजना जल्दी शुरू की जाएगी। इससे श्रमिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे और वे स्वयं मालिक बनने की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे।

# 64 लाख 22 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

### 25 फरवरी तक नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 21 फरवरी की स्थिति में 64 लाख 22 हजार 571 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 25 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in से एप डाउनलोड किया जा सकता है।

# महतारी वंदन योजनाः 72 लाख 74 हजार से अधिक महिलाओं ने भरा आवेदन

### प्रथम चरण के अंतिम दिन 20 फरवरी को 1 लाख 78 हजार से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन भरने के लिए प्रथम चरण के अंतिम दिन भी महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सभी जिले में पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर लगाए गए शिविरों में महिलाओं ने काफी बड़ी संख्या में आवेदन किया। योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश में अब तक 72 लाख 74 हजार से अधिक महिलाओं के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्रथम चरण में आवेदन करने के अंतिम दिन 20 फरवरी को प्रदेश में 1 लाख 78 हजार 514 महिलाओं ने आवेदन किया।



उल्लेखनीय है कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं को 12 हजार रुपए दिये जाएंगे। प्रतिमाह मिलने वाले एक हजार रुपए से महिलाएं अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के साथ पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकेंगी।

जिलेवार प्राप्त आवेदन- महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक रायगढ़ जिले में 03 लाख 13 हजार 379, जांजगीर-चांपा में 02 लाख 88 हजार 939, बलरामपुर में 02 लाख 11 हजार 985 महिलाओं ने आवेदन की है। इसी प्रकार बलौदाबाजार में 03 लाख 49 हजार 681, कोण्डागांव 01 लाख 36 हजार 680, कवर्धा 02 लाख 54 हजार 876, सूरजपुर में 02 लाख 14 हजार 567, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 95 हजार 89, गरियाबंद में 01 लाख 94 हजार 662, बेमेतरा में 02 लाख 63 हजार 711, सारंगढ़-बिलाईगढ़ से 01 लाख 89 हजार 163, रायपुर से 05 लाख 63 हजार 413, राजनांदगांव से 02 लाख 58 हजार 198, सक्ती से 02 लाख 11 हजार 282 महिलाओं ने महतारी वंदन योजना के तहत् आवेदन किया है। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई से 1लाख 14 हजार 713, मुंगेली से 02 लाख 52 हजार 46, बालोद से 02 लाख 57 हजार 68, दंतेवाड़ा से 56 हजार 636, धमतरी से 2 लाख 73 हजार 19, जशपुर से 02 लाख 29 हजार 631, कोरबा से 03 लाख 8 हजार 363, कांकेर से 02 लाख 47 हजार 109, बस्तर से 01 लाख 90 हजार 357, दुर्ग में 04 लाख 21 हजार 701, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से 01 लाख 05 हजार 844, बिलासपुर से 04 लाख 12 हजार 716, सरगुजा से 02 लाख 39 हजार 129, कोरिया से 61 हजार 907, सुकमा से 52 हजार 324, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही से 95 हजार 982, महासमुंद से 03 लाख 46 हजार 953, नारायणपुर से 27 हजार 503 और बीजापुर जिले से 35 हजार 465 महिलाओं से आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

# जेएसडब्ल्यू समूह ने ईवी परियोजना के लिए ओडिशा के साथ समझौता किया




**एजेंसी,** जेएसडब्ल्यू समूह ने ो राज्य में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश पर एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना की स्थापना के लिए ओडिशा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कटक जिले के नराज में जेएसडब्ल्यू समूह एक ईवी वाहन और घटक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगा, जबकि जगतसिंहपुर जिले के पारादीप में यह एक तांबा स्मेल्टर और लिथियम रिफाइनरी स्थापित करेगा। इस परियोजना में 50 त्ङ्क॥ श्वङ्क बैटरी प्लांट, श्वङ्क, लिथियम रिफाइनरी, कॉपर स्मेल्टर और संबंधित घटक विनिर्माण इकाइयाँ शामिल हैं। राज्य मंत्रिमंडल द्वारा कटक के नराज और जगतसिंहपुर जिले के पारादीप में समूह की महत्वाकांक्षी ईवी और घटक विनिर्माण परियोजनाओं के लिए एक विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी देने के दो सप्ताह बाद समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि यह दिन औद्योगिक उत्कृष्टता और सतत विकास की दिशा में राज्य की यात्रा में एक बड़ी छलांग का प्रतीक है। पहल से संचालित, ओडिशा परिवर्तन के निरंतर पथ पर है। छ्वस्ङ्ख समूह की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण इकाई की स्थापना हमारे राज्य के विकसित औद्योगिक परिदृश्य का एक प्रमाण है। यह रणनीतिक कदम सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, और इस प्रकार, ओडिशा भारत में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो गया है।

# एक लाख रुपये तक की कर मांग को किया जाएगा माफ, एक करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को मिलेगी राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सरकार ने आकलन वर्ष 2015-16 तक छोटी कर मांगों को वापस लेने का प्रस्ताव दिया था। इसी के तहत केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अपने आदेश में कहा है कि किसी भी करदाता का ज्यादा से ज्यादा एक लाख रुपये तक की कर मांग को माफ किया जाएगा। सरकार लगभग 3500 करोड़ की कर मांग को वापस लेगी।




### अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने की थी घोषणा

एक फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक करोड़ टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देते हुए ये एलान किया था, ''वित्त वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25,000 रुपये तक की डायरेक्ट टैक्स डिमांड और 2010-11 से लेकर 2014-15 तक 10,000 रुपये तक के लिए बकाए इनकम टैक्स डिमांड को वापस लेने का एलान किया जाता है।

एक लाख रुपये होगी अधि?कतम सीमा

वित्त मंत्री ने कहा था कि इस फैसले से एक करोड़ टैक्सपेयर्स को लाभ होगा। सीबीडीटी ने अपने आदेश में कहा कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा के तहत माफ कर दिया जाएगा। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग, ब्याज, जुर्माना, उपकर, अधिभार जैसे प्रमुख घटक शामिल होंगे। हालांकि आयकर अधिनियम के टीडीएस या टीसीएस प्रविधानों के तहत कर संग्रहकर्ता के खिलाफ की गई अपील पर किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। साथ ही करदाता के खिलाफ चल रही किसी कार्रवाई से भी उसे राहत नहीं मिलेगी।

# ट्रूऑल्ट बायोएनर्जी क्षमता विस्तार के लिए, संयंत्र स्थापित करने के लिए 600 करोड़ का करेगी निवेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

**ट्रूऑल्ट बायोएनर्जी, जो सबसे बड़े जैव ईंधन खिलाड़ियों में से एक है, अगले वित्त वर्ष तक अपनी क्षमता 2.7 लाख लीटर प्रतिदिन बढ़ाने की योजना बना रही है और अधिक संयंत्र स्थापित करने के लिए लगभग 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। बेंगलुरु स्थित कंपनी भी इस वित्तीय वर्ष में लगभग 30 प्रतिशत राजस्व वृद्धि की उम्मीद कर रही है।**




मुख्य रूप से 1G इथेनॉल, 2त्त इथेनॉल, संपीड़ित बायोगैस, टिकाऊ विमानन ईंधन, किण्वित जैविक खाद और हरित हाइड्रोजन जैसे जैव ईंधन में है। यह प्रति दिन 2 मिलियन लीटर की क्षमता वाली पांच 1जी इथेनॉल इकाइयां संचालित करता है, जो इसे देश का सबसे बड़ा इथेनॉल उत्पादक बनाता है जबकि इसकी संपीड़ित बायोगैस क्षमता 10 टन प्रति दिन है। हम अपनी जैव ईंधन क्षमता को प्रतिदिन 2.7 लाख टन तक बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हम 10 और संयंत्र स्थापित करेंगे, जिससे हमारी कुल संख्या 15 हो जाएगी और हम इस दिशा में लगभग 600 करोड़ रुपये के निवेश की परिकल्पना करते हैं और ये संयंत्र कर्नाटक के बीजापुर में लगेंगे और पुणे और इसे अगले वित्तीय वर्ष में चालू किया जाना चाहिए, ÷ट्रूएल्ट के संस्थापक और प्रबंध निदेशक विजय निरानी ने पीटीआई को बताया। उन्होंने कहा कि इन संयंत्रों के लिए जमीन की पहचान पहले ही की जा चुकी है।कंपनी के मौजूदा प्लांट बीजापुर और पुणे में भी हैं। पिछले वित्त वर्ष में इसका राजस्व 1,170 करोड़ रुपये था, लेकिन इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह लगभग 700 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। और निरानी को उम्मीद है कि इस वित्तीय वर्ष में कम से कम 30 प्रतिशत की टॉपलाइन वृद्धि होगी और लगभग 18-20 प्रतिशत शुद्ध मार्जिन अर्जित होगा। हाल ही में, ञ्जह्वह्म्ह्वद्यह्ल ने कच्चे माल के रूप में जैविक कचरे का उपयोग करके 33 मिलियन किलोग्राम से अधिक संपीड़ित बायोगैस के लक्षित उत्पादन के साथ 10 संयंत्र स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय गैस प्रमुख गेल इंडिया के साथ 72 मिलियन अमेरिकी डॉलर के संपीड़ित बायोगैस संयुक्त उद्यम में प्रवेश किया था। लीफिज्टी बायोएनर्जी नामक संयुक्त उद्यम में गेल की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत होगी और ट्रूएल्ट के पास शेष 51 प्रतिशत होगी। निवेश, ऋण और इक्विटी का मिश्रण, उचित परिश्रम और विनियामक अनुमोदन पर निर्भर है। प्रत्येक संयंत्र प्रतिदिन 10,000 किलोग्राम जैविक कचरे को संसाधित करेगा और 1,00,000 किलोग्राम संपीड़ित बायोगैस का उत्पादन करेगा। इस पहल से ठोस किण्वित जैविक खाद और तरल किण्वित जैविक खाद का भी उत्पादन किया जाएगा। निरानी ने कहा कि बड़े पैमाने पर विस्तार दो कारणों से है ङ्क संयंत्र 90 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चल रहे हैं और दूसरे, बड़े पैमाने पर मांग में वृद्धि के कारण क्योंकि सरकार इथेनॉल मिश्रण और अन्य जैव ईंधन पर जोर दे रही है।

# नए नोकिया स्मार्टफोन जल्द ही लॉन्च होने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ह्यूमन मोबाइल डिवाइस (एचडीएम) ग्लोबल ने हाल ही में सभी क्षेत्रों से नोकिया ब्रांडिंग को हटाकर अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को ताज़ा किया है। यहां तक कि, **Nokia.com** अब **HDM.com** पर रीडायरेक्ट हो रहा है, और **@nokiamobile** के आधिकारिक ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) हैंडल को 2016 में 10 साल के लिए कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद **@HMDglobal** में बदल दिया गया है। उम्मीद है कि फिनिश कंपनी स्मार्टफोन सहित अपने उत्पाद लॉन्च करेगी। इस बीच, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि नोकिया ब्रांड के नए स्मार्टफोन ढ्ढरूश्वढ्ढ वेबसाइट पर लिस्ट कर दिए गए हैं। दावा किया गया है कि उसने **IMEI** वेबसाइट पर लगभग 17 नए नोकिया मॉडल देखे हैं। इन मॉडलों की संख्या **TA**-1603 से ञ्ज-1628 तक है। ये सभी मॉडल एक दूसरे से बिल्कुल अलग हो सकते हैं. रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कुछ मॉडलों में किसी विशेष मॉडल के अलग-अलग रैम और स्टोरेज वेरिएंट भी हो सकते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इनमें से कुछ मॉडल बार्सिलोना में आगामी मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस **(MWC)** 2024 में भी लॉन्च हो सकते हैं। **MWC** 2024 26 फरवरी से 29 फरवरी तक आयोजित होने वाला है। हालाँकि, रिपोर्ट में इन स्मार्टफ़ोन के बारे में इस तथ्य के अलावा कोई विवरण शामिल नहीं है कि वे वास्तव में नोकिया ब्रांडिंग रखते हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि नोकिया ने 2016 में एचएमडी ग्लोबल के साथ 10 साल का करार किया था, जो 2026 में समाप्त होने वाला है। इसलिए, तब तक नए नोकिया मॉडल के बाजार में बने रहने की उम्मीद करना कोई अतिशयोक्ति नहीं है। इससे पहले, नौ नए ॥स्री-ब्रांडेड हैंडसेटU **IMEI** वेबसाइट पर देखे गए थे। ये ॥स्री-ब्रांडेड हैंडसेट सभी अलग-अलग मॉडल भी हो सकते हैं। इनमें प्राइमरी मॉडल के रैम और/या स्टोरेज वेरिएंट भी हो सकते हैं।




कोडनेम ह्159ङ्क के साथ एक **HMD** मॉडल हाल ही में काले रंग में लीक हुआ था। ह्159V में एलईडी फ्लैश के साथ डुअल रियर कैमरा मॉड्यूल है। वहीं, एक अन्य लीक रिपोर्ट में एक **HMD** स्मार्टफोन दिखाया गया है जिसके जल्द ही नीले रंग के विकल्प में लॉन्च होने की उम्मीद है।

## भारत और कतर के बीच हुआ सबसे बड़ा सौदा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और कतर के बीच तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) को लेकर दुनिया की सबसे बड़ी डील हुई है। इससे अगले 20 वर्षों तक भारत को निर्बाध एलएनजी मिलती रहेगी। पेट्रोनेट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। इससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने यह बात कही है। पेट्रोनेट के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि मूल 25-वर्षीय समझौते पर 1999 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें आपूर्ति 2004 में शुरू हुई थी। तब से कतर ने कभी एक भी खेप में चूक नहीं की है और न ही उसने दाम काफी ऊंचे होने के दौरान भारतीय कंपनी द्वारा आपूर्ति नहीं लेने की वजह से 'खरीदों या भुगतान करो' प्रावधान के तहत कोई जुर्माना लगाया है। विस्तारित अनुबंध के तहत आपूर्ति पेट्रोनेट द्वारा उन 52 खेप (कार्गो) की डिलिवरी लेने के बाद शुरू होगी जो वह 2015-16 में कीमतों में उछाल की वजह से लेने में विफल रही थी। हालांकि, अनुबंध की मात्रा कभी नहीं बदली है, लेकिन कीमत में चार बार बदलाव हुआ है।



# 4 सबसे मूल्यवान कंपनियों में एलआईसी, एसबीआई के एमकैप में शीर्ष पर

**एजेंसी, दिल्ली।**

पिछले सप्ताह चार सबसे मूल्यवान कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिसमें जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सबसे आगे रहे। रिपोर्टों के मुताबिक, इन शीर्ष कंपनियों ने सामूहिक रूप से बाजार मूल्यांकन में 2.18 लाख करोड़ रुपये जोड़े, जो मजबूत निवेशक भावना को रेखांकित करता है। शीर्ष 10 कंपनियों में से, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज **(TCS), LIC** और **SBI** प्रमुख लाभार्थी के रूप में उभरे, जिन्होंने समग्र वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके विपरीत, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी ने अपने मूल्यांकन में गिरावट का अनुभव किया। सप्ताह के दौरान बीएसई बेंचमार्क में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विशेष रूप से, एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एसबीआई ने भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी, जिससे उसके मूल्यांकन में 65,908.26 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ, जो सप्ताह के अंत तक 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, टीसीएस के बाजार पूंजीकरण में 61,435.47 करोड़ रुपये का उल्लेखनीय उछाल आया, जो 15,12,743.31 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रिलायंस का बाजार मूल्यांकन 5,108.09 करोड़ रुपये बढ़कर 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके विपरीत, एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में 32,963.94 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई और यह 10,65,808.71 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह, सप्ताह के अंत तक आईटीसी का मूल्यांकन 30,698.62 करोड़ रुपये घटकर 5,18,632.02 करोड़ रुपये रह गया।




शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों की रैंकिंग में, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी बढ़त बनाए रखी, इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एलआईसी, एसबीआई, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी हैं। कुल मिलाकर, बाजार में शीर्ष कंपनियों के मूल्यांकन में गतिशील उतार-चढ़ाव देखा गया, जो उभरती निवेशक भावनाओं और बाजार की गतिशीलता को दर्शाता है।

# एंड्रॉइड 11, 12, 13 और 14 उपकरणों के लिए सरकार की चेतावनी जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम **(CERT-In)** ने देश में एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए एक उच्च स्तरीय खतरा जारी किया है। सीईआरटी-इन ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट में उल्लेख किया है कि एंड्रॉइड पर कई कमजोरियां बताई गई हैं और हमलावर उनका फायदा उठा सकते हैं। प्रभावित ऑपरेटिंग सिस्टम में,ठ्ठस्रह्म्श्वद्बस्र 11, 12, 12रु 13 और 14 शामिल हैं। सीईआरटी-इन के भेद्यता नोट में कहा गया है कि फ्रेमवर्क, सिस्टम, आर्म घटकों, मीडियाटेक घटकों, यूनिसोक घटकों, क्वालकॉम घटकों और क्वालकॉम बंद-स्रोत घटकों में खामियों के कारण एंड्रॉइड में ये कमजोरियां मौजूद हैं । एजेंसी ने कहा, इन कमजोरियों का सफल शोषण हमलावर को संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने, उन्नत विशेषाधिकार प्राप्त करने और लक्षित सिस्टम पर मनमाना कोड निष्पादित करने की अनुमति दे सकता है। यदि आप एंड्रॉइड उपयोगकर्ता हैं जिनके स्मार्ट में उपर्युक्त ओएस है, तो आपको सॉफ़्टवेयर को अपडेट करना चाहिए और नवीनतम सुरक्षा पैच इंस्टॉल करना चाहिए। इससे खतरे के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है. उपयोगकर्ताओं को यह भी सलाह दी जाती है कि वे **Google Play Store** के अलावा अन्य ऐप्स इंस्टॉल न करें । थर्ड पार्टी ऐप्स हमेशा स्मार्टफोन की सुरक्षा से समझौता करने का जोखिम उठाते हैं।




## कंपनी 1 शेयर पर दे रही है 2 बोनस शेयर, रिकॉर्ड डेट कल, 200 रुपये से कम भाव

**एजेंसी,नई दिल्ली**

शेयर बाजार में इस हफ्ते कई कंपनियां एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की लिस्ट में भी एक है। कंपनी पहली बार 1 शेयर पर 2 शेयर बोनस के तौर पर देने का फैसला किया है। रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते है। बता दें, कंपनी के शेयरों का भाव 200 रुपये से कम है। कल है रिकॉर्ड डेट कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2 बोनस शेयर योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। कंपनी ने इस बोनस इश्यू के लिए 12 फरवरी की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी कंपनी शेयर बाजार में कल एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी। बता दें, पहली निवेशकों के बीच बोनस शेयर बांटने का फैसला किया है। 10 टुकड़ों में बंट चुका है शेयर साल 2011 में कंपनी के शेयरों का बंटवारा 10 टुकड़ों में हुआ था।



## संक्षिप्त खबरें...

### आम समस्याओं के समाधान के लिए जारी व्हाट्सएप नंबर, महिला को मिली राशि



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन की ओर से जारी दंतेवाड़ा के आम नागरिकों के शिकायतों और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए एक मोबाइल नंबर जारी किया जा चुका है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति इस मोबाइल नंबर-919302706669 पर केवल व्हाट्सएप में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक संदेश भेजकर अपनी बात कलेक्टर तक पहुंचा सकता है, इसके तहत ब्लॉक कटेकल्याण के ग्राम बेंगलुरु की महिला श्रमिक लखमें की लंबित भुगतान राशि प्रदाय की गयी। ज्ञात हो कि उक्त महिला श्रमिक द्वारा युवा सेन्टर और लाइब्रेरी भवन निर्माण कार्य कटेकल्याण में 45 दिन मजदूरी की गयी थी, जिसका भुगतान ठेकेदार द्वारा 3 माह से नहीं किया गया था। इसकी शिकायत जिला संपर्क व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से की गयी थी। इस संबंध में कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित ठेकेदार को जनपद कार्यालय में बुलाकर समक्ष में मजदूरी भुगतान की शेष राशि 5 हजार 2 सौ 50 रूपये लखमें को भुगतान कराया गया। इसके लिए लखमें ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 72




### आवेदन

**सूरजपुर।** कलेक्टर जनदर्शन में आज 72 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका त्वरित निराकरण के लिए जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवेदन की प्रकृति के अनुरूप दिशा निर्देश दिए गये। जनदर्शन में उपस्थित आवेदको के द्वारा क्रमवार अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए गयें। जिसमें राजस्व अभिलेख, सीमांकन, दुरूस्ती, वन भूमि में कूप निर्माण कार्य, मुक्ति धाम में रोड निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला में बाउंड्रीवाल जैसे आवेदन सम्मिलित थे। जिला पंचायत सीईओ द्वारा बारी-बारी से मुलाकात कर आवेदको की समस्याओं को सुना गया और त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देशित किया गया।



### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुआ विशाल रैली का आयोजन

**सूरजपुर ।** कलेक्टर व्यास और जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू के दिशा निर्देश में अग्रसेन चौक सूरजपुर से तक्षशीला पुस्तकालय तक विशाल साइकिल रैली का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के सभी छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आज मतदान के लिए सभी लोगों को जागरुक करते हुए एक विशाल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान को लोकसभा चुनाव के तहत शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन लता बेक स्वीप नोडल अधिकारी सूरजपुर, सहायक नोडल जयराम प्रसाद (बीपीओ), सुदर्शन दास, पुनीता राजवाड़े, यशोदा सोनी, अजय देवांगन एव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य अन्नू कांडे स्कूल के सभी शिक्षक गण इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना को बेहद गंभीरता से मॉनिटरिंग करें : कलेक्टर




**कवर्धा**


राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल केन्द्र शासन की प्रधानमंत्री जनमन योजना का ग्राम स्तर पर ठोस क्रियान्वयन के लिए कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल बोड़ला और पंड़रिया के हर बैगा बाहूल ग्रामों के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक-एक जिला स्तरीय अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज समय-सीमा की बैठक में राज्य शासन से प्राप्त आदेश-दिशा निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना राज्य शासन की सर्व प्राथमिकता में शामिल अहम योजना है। इस योजना का ग्राम स्तर पर प्रत्येक बैगा बाहूल ग्रामों में योजना में शामिल सभी विशेष कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को ग्राम नोडल अधिकारी बनाए गए है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने ग्रामों को दौरा करने और वहां निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवारों से संपर्क करे। इस योजना में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सहित सामुदायिक भवन के निर्माण कार्यों की पूरी संवेदनशिलता के साथ मॉनिटरिंग करें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी बैगा हितग्राहियों से ग्राम स्तर पर संपर्क करें और उनके लिए स्वीकृत पक्का आवास को पूरा करने में पूरा मार्गदर्शन दे। उन्होने कहा कि प्रत्येक ग्रामों में बड़ी संख्या में आवास की स्वीकृति मिली है। आवास निर्माण कार्यां में किसी प्रकार की कोताही या गड़बडी ना हो इसके लिए ग्राम स्तर पर काम करने वाले राजमित्रियों की पूरी जानकारी लेंगे। बैठक में बताया कि कबीरधाम जिले के बोडला और पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत बैगा परिवारों के लिए प्रथम चरण में 3554 आवासों की स्वीकृति दी गई है, इनमें 2996 पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रूपए जारी की गई है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा योजना में इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा परिवारों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की राशि 4 किस्तों में दी जाएगी। साथ ही महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 95 दिनों का मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर महोबे ने बैठक में राज्य शासन मिले आदेश-दिशा निर्देश और आमजनों की योजनाओं और कार्यक्रमों से जुड़ी समस्याओं से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को टाइम लाईन में निराकरण करने के निर्देश दिए।

# हर घर जल की संकल्पना हो रहा साकार

### नल जल योजना से दूर हो रही पानी की समस्या

**जशपुरनगर**

आमजनों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने सरकार लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश भर के हर वर्ग के लोगों के लिए काम किया जा रहा है। जरूरतमंदों को आवास निर्माण की स्वीकृति व राशि प्रदाय करना हो या गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न देना हो। चाहे महतारी वंदन योजना के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने व आर्थिक संबल की दिशा में कार्य करना हो सभी क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के दूरस्थ एवं पहुंच विहीन दुर्गम स्थानों में स्थित ग्रामों में अब लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल मिल रहा है। केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन से अब ग्रामीणों को अन्य स्त्रोतों का पानी नहीं पीना पड़ रहा है। शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीण खुश है, जशपुर जिले के विभिन्न ग्रामों तक जल जीवन मिशन के तहत् दूरस्थ अंचल के बसाहटों तक शुद्ध पेयजल पहुंच रही है। ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत् सभी बसाहटों में पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य राज्य शासन की ओर से प्राथमिकता से किया जा रहा है। हर घर नल-जल योजना से



प्रत्येक ग्रामीण परिवारो को 24 घंटे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। नल-जल योजना के लाभार्थी ग्राम इचकेला, जशपुर निवासी मनोहर टोप्पो ने बयाता कि पहले इस गांव में पानी की बहुत बड़ी समस्या थी। यहां के लोगों को पानी लाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था अपने घर से दूर लगे हैंडपंप कुएं से पानी लाना पड़ता था। कई बार हैंडपंप के कराब होने पर व कुएं में पानी नहीं होने पर तो कई किलोमीटर दूर पैदल चलकर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी। लेकिन आज शासन-प्रशासन के प्रयास से अब पानी लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है। इस योजना से अब हमें प्रतिदिन घर पर पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने लगा है, अब हमें पानी लाने की चिंता नहीं रहती है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अति महत्वपूर्ण नल जल योजना लाई गई है योजना के तहत पानी टंकी निर्माण से लेकर पाइप लाइन विस्तार के साथ सभी घरों में नल का कनेक्शन किया जा रहा है। जिससे इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। जशपुर जिले में जशपुर, भागलपुर, घोलेंग, बालाछापर, इचकेला सहित सभी ब्लॉक के ग्रामों में विभाग द्वारा ग्रामीणों को पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध होने से उनके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। इस योजना के माध्यम से ऐसे ग्रामीण और सुदूर इलाके, जहां जल की उचित व्यवस्था नहीं है वहां हर घर में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पानी को लेकर चिंतित नहीं होना पड़ रहा हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल की समस्या को दूर किया जा रहा है और हर घर जल की संकल्पना साकार किया जा रहा है।

## प्रा.शा. चिवराबहरा अक्षयपुर में हुआ न्योता भोजन कार्यक्रम



**सूरजपुर**

विकासखंड रामानुजनगर के प्राथमिक शाला चिवराबहरा अक्षयपुर में शिवाजी महाराज के जन्म दिवस पर ''न्योता भोजन'' कार्यक्रम का आयोजन जनपद शिक्षा समिति रामानुजनगर के सदस्य पनमेश्वर सिंह ओरकेरा के द्वारा आयोजित किया गया। जनपद सदस्य ने छात्रों को मध्याह्न भोजन में सेब, अंगूर, केला फ्ल, मीठा एवं सेवई प्रदान कर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू, सेवानिवृत्ति शिक्षक मोहन सिंह, राजकुमार सिंह बहादुर सिंह, गोकुल सिंह, बलभद्र सिंह, एसएमसी अध्यक्ष कपिल देव सिंह, पालक विजय सिंह, पालक कौशल्या सिंह, टेकमनिया सिंह, अमृता सिंह, सुंदरी सिंह प्रधान पाठक वंश बहादुर सिंह, सहायक शिक्षक कलार सिंह पैकरा, भागीरथी राजवाड़े, बलभद्र सिंह, राम नारायण सिंह एवं विद्यालय के सभी छात्रों के साथ पौष्टिक भोजन ग्रहण किए। जनपद शिक्षा समिति के सदस्य पनमेश्वर सिंह ने अपने जनपद क्षेत्र के सभी पालकों, समाजसेवियो, सेवानिवृत शिक्षकों, व्यापारियों और संभ्रात लोगों से आग्रह किया है कि अपने जन्मदिन के अवसर पर, परिवार की जन्मदिन के अवसर पर, विवाह के वर्षगांठ या महत्वपूर्ण दिवस पर इस तरह का आयोजन अपने निकट के स्कूलों में करें, जिससे छात्रो, विद्यालय का आत्मीय जुड़ाव जन समुदाय से हो सके तथा छात्रों को मध्यान भोजन के साथ छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा न्योता भोजन योजना के अंतर्गत छात्रों को पौष्टिक भोजन भी दिया जा सके। एबीईओ मनोज कुमार साहू ने जनपद सदस्य पन्मेश्वर सिंह ओरकेरा जी का आभार व्यक्त किया तथा आसपास के स्कूलों मे सहयोग का आग्रह किया।

### सॉफ्टबॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए जूनियर टीम रवाना




**बीजापुर।** बिहार के पटना में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल चैंपियनशिप जो की 21 फरवरी से 25 फरवरी तक संपन्न होगी जिसमें प्रदेश के टीम 20 तारीख की सुबह रायपुर के रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी प्रदेश की टीम में बीजापुर जिले से बालिका वर्ग में रेणुका तेलाम चंद्रकला तेलम और विमल तेलम वहीं बालक वर्ग में राकेश कडती और सुशील कुडियम शामिल है। वही प्रदेश की टीम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल है, जिसमें रेणुका और विमला चीन में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किए थे, राकेश और सुशील जापान में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किए थे, सभी खिलाड़ी अभी हाल ही में हुए स्कूल नेशनल गेम्स में भी सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर चुके हैं। वही बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के सॉफ्टबॉल खेल में अब तक 9 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जिला के कलेक्टर अनुराग पांडे एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार जी ने टीम एवं खिलाडियों का उत्साह वर्धन एवं उज्वल भविष्य की कामना कि साथ में श्रम निरीक्षक और सॉफ्टबॉल के इंटरनेशनल कोच सोपान कर्णेवार एवं सहायक कोच कृष्णा डोडी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने सरस मेला के आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से जिले में पहली बार आयोजित हो रहा सरस मेला

**कवर्धा**

विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में पहली बार सरस मेला का आयोजन होगा। कबीरधाम जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज मैदान में 24 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन होगा।

जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ कबीरधाम जिले के स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों का विक्रय एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 10 दिवसीय सरस मेला में समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को आम जनता के लिए विक्रय के लिए रखा जाएगा। सरस मेले में लगभग 200 स्टॉल लगाए जाएंगे। कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने सरस मेला के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियो को कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि 24 फरवरी से आयोजित होने वाले क्षेत्रीय सरस मेला के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। मेले में 200 स्टाल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पूरे 10 दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति का रंगा-रंग प्रस्तुति होगी। प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जिले के निवासी क्षेत्रीय सरस मेला का आनंद ले सकेंगे। जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के लगभग 20 से 25 जिले के महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य कबीरधाम में आकर अपने उत्पादन को विक्रय एवं प्रदर्शनी के लिए रखेंगे। यहां पहला अवसर है जब कबीरधाम जिले में इतने बड़े पैमाने पर समूह के उत्पादकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है, जिसमें समूह द्वारा ख्याति प्राप्त सामग्रियां जिलेवासियों के लिए उपलब्ध होगी।



# नवगुरुकुल व लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर में 200 विद्यार्थियों को दिया गया कौशल प्रशिक्षण



**जशपुरनगर**

नवगुरुकुल व लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा आज स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित सेमिनार एवं प्रवेश परीक्षा में 200 विद्यार्थियों को कोडिंग सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक्स डिजाइन, फाइनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट एवं एजुकेशन के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन जशपुर की अभिनव पहल नवगुरुकुल एवं लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर के माध्यम से कोडिंग सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग ग्राफिक्स डिजाइन, फाइनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट एवं एजुकेशन के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर शत प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर मल्टीनेशनल कंपनी जैसे अमेजॉन, केपीएमजी, एक्सेंचर में रोजगार के अवसर है। यह प्रशिक्षण केवल जिले के छात्राओं के लिए है। प्रशिक्षण आवासीय सुविधा के साथ पूर्णता निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। दसवीं पास कोई भी संकाय की छात्र प्रवेश के लिए पात्र है। प्रशिक्षण की अवधि 18 माह की है। नव गुरुकुल फाउंडेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा देश के आठ केंद्रों में संचालित इस परीक्षण के माध्यम से 600 से अधिक छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8516032060 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

### बैठक में जनप्रतिनिधि, ट्रस्टी के प्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए

**महासमुंद**

अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में 24 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की तैयारियां को लेकर कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों, ट्रस्ट के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. आलोक भी मौजूद थे। कलेक्टर प्रभात मलिक ने बैठक में सिरपुर महोत्सव के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिरपुर महोत्सव स्थल अंतर्गत सुव्यवस्थित आयोजन के लिए तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय, पेयजल आदि की चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़कों में लगे स्ट्रीट लाईट में स्थायी लाईटिंग करने एवं महोत्सव परिसर के अंतर्गत सड़कों का मरम्मत करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने बताया कि मुख्य मंच तक पहुंचने के लिए पर्याप्त जगह छोड़ने तथा व्यवस्थित बाजार व्यवस्था बनाने तथा सिरपुर सहित स्थानीय व्यवसायियों को दुकान आबंटन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। महोत्सव में स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझाव अनुसार राज्य के ख्यातिनाम कलाकारों में प्रख्यात गायक सुनील सोनी, भूपेन्द्र साहू, नितिन दुबे सहित अन्य कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं इंडियन आइडल विजेता अभिजीत सांवत द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुति देने पर सहमति हुई है। बैठक में कहा कि प्रतिदिन शाम 3 से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए अवसर दिया जाएगा।




तत्पश्चात मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के पुरातात्विक इतिहास को लेजर शो के माध्यम से दिखाया जाएगा। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा, इसके लिए गंधेश्वरनाथ महोदव मंदिर ट्रस्ट को आवश्यक तैयारी करने कहा गया है। इसके अलावा महत्वपूर्ण प्रवेश द्वारा पर स्वागत गेट भी लगाया जाएगा। मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि जन सामान्य की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही आकस्मिक एवं आपातकालीन स्थिति को भी ध्यान में रखा जाएगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)